प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



जाते-जाते नीतीश एक तीर से कई शिकार खेल गए पेज- 2

डिजिटल ताकत से सशक्त होंगी आंगनबाड़ी कार्यकर्तियां, 176 को मिले स्मार्टफोन पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 118 | रविवार 19 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

## विपक्ष को भुगतना पड़ेगा, गांव-गांव तक ले जाएंगे, महिला आरक्षण पर कैबिनेट बैठक में बोले पीएम मोदी

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में 131वां संविधान संशोधन बिल पास नहीं हो पाया। अब उनको भुगतना पड़ेगा। पीएम मोदी ने इस बात को गांव–गांव तक पहुंचाने की बात कही है।



इसे पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी लेकिन विपक्ष ने एकजुट होकर इसके खिलाफ वोट डाला। इस कारण बिल अटक गया और 2029 से ही महिलाओं को आरक्षण देने वाला बिल अटक गया। अब शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट मीटिंग में इसे लेकर विपक्ष पर बड़ा हमला बोला है। पीएम मोदी ने कहा कि विपक्ष को इसका नतीजा भुगतना पड़ेगा। सूत्रों ने बताया कि कैबिनेट बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि महिला आरक्षण बिल का समर्थन न करके विपक्ष ने गलती की है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने देश की महिलाओं को हराया है। विपक्ष को महिलाओं को जवाब देना पड़ेगा। इसको जन–जन तक गांव–गांव तक ले जाना है। बिल पास न हो पाने पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हम सभी इस बात से दुखी हैं कि कांग्रेस और विपक्ष ने दो तिहाई बहुमत से संविधान में संशोधन की अनुमति नहीं दी। यह हमारी सरकार या पार्टी के लिए नुकसानदायक नहीं है। हम दुखी हैं कि इससे नुकसान देश की महिलाओं का हुआ है। उन्होंने कहा कि हम सभी दुखी हैं कि महिला आरक्षण बिल में संशोधन नहीं हो सका और बिल गिर गया। यह सरकार की नाकामी नहीं है, बल्कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों का देश पर किया गया एक बड़ा हमला है। यह कांग्रेस के माथे पर एक काला धब्बा है। यह शर्मनाक है कि वे इसका जश्न मना रहे हैं। 2029 से ही महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33: आरक्षण देने के मकसद से सरकार तीन बिल लेकर आई थी। इसमें एक बिल 131वां संविधान संशोधन का था। इन तीनों बिलों पर 21 घंटे की चर्चा के बाद शाम को 131वें संविधान संशोधन बिल पर वोटिंग हुई। कुल 528 वोट पड़े। बिल के पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। लेकिन इस बिल को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 528 सांसदों का दो तिहाई 352 होता है। इस बिल के गिरने के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बाकी दो बिलों को आगे बढ़ाने से मना कर दिया। नतीजा ये हुआ कि 2029 से अब महिलाओं को 33: आरक्षण नहीं मिल पाएगा।

## शराबबंदी का निर्णय सामाजिक सुधार और नारी सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हुआ है : उमेश सिंह कुशवाहा

(एजेंसी) पटना। बिहार जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शनिवार को कहा कि शराबबंदी का निर्णय सामाजिक सुधार और नारी सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हुआ है। कुशवाहा ने आज बयान जारी कर कहा कि वर्ष 2016 में नीतीश कुमार द्वारा लिया गया शराबबंदी का साहसिक एवं ऐतिहासिक निर्णय सामाजिक सुधार के साथ–साथ महिला सुरक्षा की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध हुआ है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पिछले एक दशक में इस निर्णय ने व्यापक सामाजिक परिवर्तन की सुदृढ़ नींव स्थापित की है तथा विभिन्न मानकों पर इसके दूरगामी, ठोस और सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुए हैं। कुशवाहा ने कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी के सफल क्रियान्वयन का अध्ययन करने के लिये वर्ष 2018 में तत्कालीन राजस्थान सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने बिहार का दौरा किया था। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विभिन्न सार्वजनिक मंचों से नीतीश कुमार के इस निर्णय की सराहना की है। उन्होंने कहा कि एक सर्वेक्षण के अनुसार शराबबंदी के बाद राज्य में लगभग 1.82 करोड़ लोगों ने शराब का सेवन बंद कर दिया। सर्वेक्षण में शामिल 91 प्रतिशत लोगों का मानना था कि घरेलू हिंसा के मामलों में



कमी आई है। एक अन्य सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 87 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि शराबबंदी के बाद औसत घरेलू आय में वृद्धि हुई है, जबकि 72 प्रतिशत लोगों ने कहा कि बढ़ी हुई आय का उपयोग अब बच्चों की शिक्षा पर किया जा रहा है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ड्रिंक एंड ड्राइव से होने वाली सड़ध्क दुर्घटनाओं में 51.4 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जबकि 80 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि महिलाएं अब बिना किसी भय के बाजार जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त, शराबबंदी लागू होने के बाद यौन हिंसा के मामलों में भी 3.6 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। कुशवाहा ने कहा कि शराबबंदी से न केवल सामाजिक वातावरण में सुधार हुआ है, बल्कि युवाओं के स्वास्थ्य पर भी इसके सकारात्मक प्रभाव पडे हैं, जो एक सशक्त और समृद्ध समाज निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत हैं।

## सोनिया गांधी मतदाता सूची विवाद

### -दिल्ली अदालत ने दिया लिखित दलीलें पेश करने का निर्देश

(एजेंसी) नई दिल्ली। राऊज एवेन्यू अदालत में शनिवार को



सोनिया गांधी के खिलाफ बिना भारतीय नागरिकता हासिल किए मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के मामले में दाखिल संशोधन याचिका पर सुनवाई हुई। शिकायतकर्ता की ओर से अपनी सारी दलीलें पूरी कर दी गई हैं। अदालत ने दोनों पक्षों को एक सप्ताह के अंदर अपनी लिखित दलीलें जमा करने का आदेश दिया है। सोनिया गांधी की ओर से पेश वकील ने अगली सुनवाई पर कुछ अतिरिक्त दलीलें रखने की अनुमति मांगी। अदालत ने इस पर विचार करने के बाद 16 मई को अगली सुनवाई तय की है। शिकायतकर्ता की ओर से वकील विकास त्रिपाठी ने चुनाव आयोग से प्राप्त दस्तावेजों को अदालत के रिकॉर्ड पर रखने की अनुमति मांगी थी जिसे अदालत ने तुरंत स्वीकार कर लिया। शिकायतकर्ता पक्ष ने स्पष्ट किया कि वे अभी मुकदमे की सुनवाई की मांग नहीं कर रहे हैं। वे केवल पुलिस से जांच कराने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी की ओर से पेश वकील उनके किसी भी सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उस समय जब 1980 की मतदाता सूची में उनका नाम जोड़ा गया था, तब सोनिया गांधी को भारतीय नागरिकता नहीं मिली थी। हो सकता है कि धोखाधड़ी या गलत तरीके से प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर यह नाम शामिल किया गया हो। गलत जानकारी देना भी कानून के अनुसार अपराध है। इसलिए यह मामला जांच का विषय है और अदालत को पुलिस को जांच का आदेश देना चाहिए। पिछली सुनवाई में सोनिया गांधी की ओर से दाखिल जवाब में इस याचिका को तथ्यहीन, राजनीतिक रूप से प्रेरित और कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग बताया गया था। वकील विकास त्रिपाठी ने ही यह संशोधन याचिका दाखिल की है। इससे पहले मजिस्ट्रेट अदालत ने सितंबर महीने में इस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें सोनिया गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कराने की मांग की गई थी। याचिका में आरोप लगाया गया है कि सोनिया गांधी ने 30 अप्रैल 1983 को नागरिकता प्राप्त की थी, लेकिन उनका नाम 1980 की नयी दिल्ली मतदाता सूची में पहले से ही शामिल था। याचिका में सवाल उठाए गए कि 1980 में नाम कैसे जोड़ा गया और 1982 में इसे अचानक हटा क्यों दिया गया? जब 1983 में नागरिकता मिली तब किस आधार पर 1980 में नाम शामिल किया गया था? क्या इसके लिए फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया गया था?

## विपक्ष के महिला विरोधी रुख पर उनके निर्वाचन क्षेत्रों की हर महिला सवाल उठाएगी : रेखा गुप्ता

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 पारित नहीं होने के बाद शनिवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके महिला विरोधी रुख पर उनके निर्वाचन क्षेत्रों की हर महिला सवाल उठाएगी। गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा,



विपक्ष ने तय कर लिया था कि किसी भी कीमत पर महिलाओं को लोकसभा तक नहीं पहुंचने देंगे। सच यह है कि उन्हें केवल अपने परिवार की महिलाओं की चिंता है, देश की 70 करोड़ महिलाओं की नहीं। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी दल इस मुद्दे पर राजनीति करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, वे नहीं चाहते कि देश की आधी आबादी संसद तक पहुंचे। विपक्ष के महिला विरोधी रुख पर उनके निर्वाचन क्षेत्रों की हर महिला सवाल उठाएगी। उन्होंने कहा, 1971 में देश की आबादी करीब 50 करोड़ थी, जो अब बढ़कर 140 करोड़ हो गई है। उस हिसाब से सीटों की संख्या बढ़नी चाहिए लेकिन आपको (विपक्ष को) समस्या इसलिए थी, क्योंकि आप अपनी मौजूदा सीटों का विभाजन नहीं चाहते थे और न ही किसी महिला को आगे आने देना चाहते थे। गुप्ता ने कहा, जब हम भारत की तुलना बड़े देशों से करते हैं, तो विपक्ष को यह भी देखना चाहिए कि वहां महिलाओं का प्रतिनिधित्व करीब 50 प्रतिशत है और कुछ देशों में इससे भी अधिक है।

## केंद्र ने उत्तर प्रदेश में 6,500 रुपए प्रति टन पर आलू की खरीद को दी मंजूरी

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में 6,500.90 रुपए प्रति टन के बाजार हस्तक्षेप मूल्य पर 20 लाख टन आलू की खरीद को मंजूरी दी है। इस पर सरकारी खजाने से 203.15 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह कदम विभिन्न राज्यों में किसानों को मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचने से बचाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। एक अलग निर्णय में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में चना खरीद की सीमा 94,500 टन से बढ़ाकर 1.13 लाख टन कर दी है। कर्नाटक में मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत



अरहर की खरीद की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी गई है, जिससे किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बेचने के लिए अतिरिक्त समय मिल सके। कर्नाटक में, मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत तुअर की खरीद की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी गई है, जिससे किसानों को एमएसपी पर अपनी उपज बेचने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद इन प्रस्तावों को मंजूरी दी। मंत्रालय के अनुसार, कर्नाटक में अवधि बढ़ाने से अधिक संख्या में अरहर किसानों को लाभकारी मूल्य मिल सकेगा और वे मजबूरी में कम दाम पर बिक्री से बच सकेंगे।

## महिला आरक्षण बिल पर सियासत तेज, ममता बोलीं-देश को बांटने की कोशिश कर रही भाजपा

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को संसद के निचले सदन में पारित करने में विफल रहने के बाद भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हावड़ा के उलुबेरिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा पराजित हो चुकी है और केवल अपने सहयोगियों के समर्थन से ही सत्ता में बनी हुई है। उन्होंने कहा, भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हमने भाजपा को हरा दिया है। उनके पास अपने दम पर बहुमत नहीं है। वे दूसरों के समर्थन से सत्ता में बने हुए हैं। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया था। परिसीमन के लिए भाजपा के दबाव बनाने को लेकर, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि वह (भाजपा) देश को बांटना चाहती है। अपनी पार्टी द्वारा महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि तृणमूल की लोकसभा में 36 प्रतिशत और राज्यसभा में 46



प्रतिशत सदस्य महिलाएं हैं। उन्होंने कहा, हमारे जैसी कोई दूसरी पार्टी नहीं है। भाजपा को हमसे सीखना चाहिए। मैं 1998 से महिला आरक्षण के लिए संघर्ष कर रही हूं। बनर्जी ने भाजपा के लिए काम करने वालों को आगाह करते हुए कहा कि पार्टी केंद्र में लंबे समय तक सत्ता में नहीं रह पाएगी।

## एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 8 प्रतिशत बढ़कर 20,351 करोड़ रुपए पर

(एजेंसी) मुंबई। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को बताया कि बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 8.04 प्रतिशत बढ़कर 20,350.76 करोड़ रुपए रहा। मुंबई मुख्यालय वाले इस बैंक ने वित्त वर्ष 2024–25 की इसी अवधि में 18,834.88 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था। देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता का चौथी तिमाही का एकल शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 9.11 प्रतिशत बढ़कर 19,221.05




करोड़ रुपए हो गया। इससे पिछली दिसंबर 2025 तिमाही में बैंक ने 18,653.75 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। समीक्षाधीन तिमाही (जनवरी–मार्च 2026) में बैंक की कुल आय बढ़कर 89,809 करोड़ रुपए हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 89,488 करोड़ रुपए थी। कुल खर्च 62,951 करोड़ रुपए से घटकर 62,006 करोड़ रुपए रह गया। बैंक की सकल गैर–निष्पादित संपत्ति (जीएनपीए) का अनुपात 1.15 प्रतिशत था, जो इससे पिछली दिसंबर तिमाही के अंत में 1.24 प्रतिशत और एक साल पहले की समान अवधि में 1.33 प्रतिशत था।

## कांग्रेस महिला विरोधी, पार्टी को महिलाओं के गुस्से का सामना करना होगा : किरेन रीजीजू



(एजेंसी) नई दिल्ली। महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन के माध्यम से लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में सीटों की संख्या बढ़ाने के संबंध में लाए गए संविधान संशोधन विधेयक को एकजुट विपक्ष द्वारा पारित नहीं होने देने के एक दिन बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कांग्रेस पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया और कहा कि उसे उनके गुस्से का सामना करना होगा। रीजीजू ने कहा, यह साबित हो चुका है कि कांग्रेस महिला विरोधी है उसे देश की महिलाओं के गुस्से का सामना करना होगा। उन्होंने कहा, महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित करने के बाद विपक्ष जश्न मना रहा हैय देश की महिलाएं उन्हें करारा सबक सिखाएंगी। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर महिला विरोधी मानसिकता रखने का भी आरोप लगाया और कहा कि पार्टी अब बेनकाब हो चुकी है। संविधान (131वां संशोधन) विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो पाया। विधेयक में 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन अभ्यास के बाद 2029 के संसदीय चुनाव से पहले महिला आरक्षण कानून को लागू करने के लिए लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि का प्रावधान था। राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को शामिल करने के लिए सीटों की संख्या बढ़ाई जानी थी। शुक्रवार रात लोकसभा में विधेयक पर मतदान के दौरान 298 सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया जबकि 230 सांसदों ने इसके विरोध में मतदान किया। विधेयक को दो तिहाई बहुमत से पारित होने के लिए मतदान करने वाले 528 सदस्यों में से 352 सांसदों के मतों की आवश्यकता थी।

# सम्पादकीय

## ईरान के सीक्रेट हथियार ट्रंप का बने सिरदर्द

अमेरिका–ईरान में युद्ध के कारण पूरी दुनिया में तेल–गैस की किल्लत हो गई है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि पाकिस्तान मध्यस्थ बना, लेकिन इस्लामाबाद में हुई दोनों देशों की बातचीत बेनतीजा रही। हालांकि, दोनों देशों की तरफ से ये संकेत दिए गए कि बातचीत पूरी तरह फेल नहीं मानी जानी चाहिए। पाकिस्तान से भी ऐसे ही बयान आए। अब फिर पाकिस्तान मध्यस्थ बनने के लिए प्रयास कर रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बीते दिनों कतर के अमीर से मुलाकात कर तनाव कम करने का आह्वान किया। वहीं एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद में अमेरिका–ईरान वार्ता के दूसरे दौर का मार्ग प्रशस्त करने के लिए ईरान में बातचीत कर रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच फिलहाल सीजफायर है। लेकिन यह टूट भी सकता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि कोई भी पक्ष झुकने को तैयार नही है। ईरान का साफ कहना है कि उसके ऊपर कोई शर्त नही थोप सकता। वहीं, इजरायल का कहना है कि उसकी उंगलियां ट्रिगर हैं और अमेरिका भी धमकियों के बीच मिडिल ईस्ट में अपने सैनिकों की तादाद लगातार बढ़ा रहा हैं। इस बीच 40 दिन तक चली जंग में एक बड़ा खुलासा सामने आया है। इस युद्ध में कई आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल हुआ है। लेकिन एक छोटा हथियार सबसे ज्यादा चर्चा में है। नाम है मैन–पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम। अब हथियार तो बहुत हैं, फिर इस वाले में खास क्या है ? इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि यह यह कंधे से दागी जाने वाली मिसाइल है। इस हथियार ने जंग में ऐसा प्रदर्शन किया है कि इसने अमेरिका के स्टेल्थ जेट्स की ताकत पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अमेरिका को पहले भरोसा था कि उसके विमान रडार से बच सकते हैं। लेकिन इस मिसाइल ने उस भरोसे को तोड़ दिया है। खबरों के मुताबिक इसी ने एफ–15 और ए–10 जैसे विमान गिराए गए। इसके अलावा कुछ सपोर्ट एयरक्राट को भी निशाना बनाया गया। वहीं इसके पूर्व अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले दावा किया था कि ईरान की एयर डिफेंस खत्म हो चुकी है। उन्होंने रडार सिस्टम तबाह करने की बात भी कही थी। लेकिन अब जमीनी हालात अलग दिख रहे हैं। सबसे ज्यादा चर्चा पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमान एफ–35 को लेकर है। इस विमान को अमेरिका की शान माना जाता है। इसे बेहद आधुनिक फाइटर जेट माना जाता है। इसके उन्नत हथियार और सिस्टम्स बिल्कुल आला दर्जे के हैं। यही वजह है कि इस पर हमले की खबर ने सबको चौंका दिया है। अब तक ये पुष्टि नहीं हुई है कि एफ–35 को ईरान ने किस हथियार से हिट किया। मैन–पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम की सबसे बड़ी ताकत इसकी सादगी है। इसे एक सैनिक अकेले चला सकता है। इसे आसानी से कहीं भी ले जाया जा सकता है। इसे छिपाना भी आसान होता है। यह खासतौर पर कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों के लिए खतरनाक है। अगर इसकी रेंज में कोई हेलीकॉप्टर, ड्रोन या फाइटर जेट आए, तो ये उसे मार गिराता है। धीमी रतार और कम ऊंचाई पर उड़ान भरने वाले विमान इसका आसान निशाना बनते हैं। मैन–पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम में हथियार के तौर पर कई तरह की मिसाइल्स का इस्तेमाल होता है। कुछ गर्मी यानी इंफ्रारेड सिग्नल पकड़ती हैं। कुछ को सैनिक खुद गाइड करता है। कुछ लेजर की मदद से निशाना बनाती हैं। इनकी रतार बहुत तेज होती है। ये आवाज की गति से भी ज्यादा तेजी से उड़ती हैं। आमतौर पर ये 4 से 5 किलोमीटर तक मार कर सकती हैं। इसीलिए इनका इस्तेमाल तभी होता है जब विमान बहुत नीचे उड़ रहे हों। इनका एक बड़ा फायदा यह भी है कि इन्हें ट्रैक करना मुश्किल होता है, क्योंकि ये किसी बड़े रडार सिस्टम पर निर्भर नहीं होतीं। इन्हें कहीं से भी दागा जा सकता है। अफगानिस्तान में ऐसे ही एक हथियार ने अमेरिका को खूब परेशान किया था। तालिबानी इससे हमला कर के तुरंत गुफाओं में घुस जाते थे। और हालिया रिपोर्ट्स को देखें तो एक बार फिर से मैन–पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम अमेरिका का सरदर्द बन गए हैं। खबरों के मुताबिक, ईरान को जल्द और मैन–पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टमे मिल सकते हैं। संभावना है कि ये चीन से आया होगा। कहा जा रहा है कि किसी तीसरे देश के जरिए सप्लाई हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो अमेरिका के लिए खतरा और बढ़ जाएगा, क्योंकि ऐसी सूरत में अमेरिकी विमान जमीन से 5 किलोमीटर तक की ऊंचाई तक बिल्कुल असुरक्षित होंगे। अगर अमेरिका जमीन पर सेना उतारता है, तो उसके लिए जोखिम और बढ़ सकता है। क्योंकि हेलीकॉप्टर और सपोर्ट एयरक्राट इसका आसान निशाना बन सकते हैं और बिना एयर डिफेंस खत्म किए आगे बढ़ना, अमेरिका को काफी भारी पड़ सकता है। रक्षा विशेषज्ञ इसे असिमेट्रिक वारफेयर का उदाहरण मानते हैं। मतलब सस्ता हथियार, महंगे सिस्टम पर भारी पड़ रहा है। एक फाइटर जेट बनाने में करोड़ों डॉलर खर्च होते हैं जबकि मैन–पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टमकी कीमत काफी कम होती है। फिर भी यह बड़े नुकसान पहुंचा सकता है। यह घटना एक बड़ा सबक देती है कि आधुनिक युद्ध में सिर्फ बड़े और महंगे हथियार ही सब कुछ नहीं होते। कभी–कभी छोटे और सस्ते हथियार भी खेल बदल देते हैं।



नफीस जाफरी

## आबादी से निकल रहे ओवरलोड बालू लदे ट्रक, एसडीएम से शिकायत

(संवाददाता) कानपुर देहात। बीहड़ पट्टी के अनवां गांव के रास्ते से सीमावर्ती जनपद के बालू लदे ओवरलोड वाहनों के गुजरने से ग्रामीणों में नाराजगी है। शनिवार को तीन गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर ओवरलोड ट्रक बंद कराए जाने की मांग की है। शनिवार को सिकंदरा तहसील दिवस में भाजपा के राजपुर मण्डल अध्यक्ष कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने एसडीएम प्रद्युम्न कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि सीमावर्ती जनपद जालौन के सिमरा खादान से बालू लदे ट्रक बगैर तिरपाल के खोजा रामपुर के सरैनी पुल से अनवा, डौंडियापुर गांव के रास्ते से निकल रहे हैं। इससे किसानों की फसलें बर्बाद हो रही है। साथ ही किसानों को हादसे का डर सता रहा है। वहीं ओवरलोड वाहनों के कारण पूरी तरह से सड़क जर्जर हो गई है। सड़क से डामर का नामोनिशान मिट चुका है, जिससे एंबुलेंस और निजी वाहनों का आवागमन भी दूभर हो गया है।ß ग्रामीणों ने ओवरलोड ट्रकों को गांव के अंदर से बंद कराए जाने की मांग की है। इस दौरान मण्डल उपाध्यक्ष कृष्णा सिंह, देवेन्द्र सिंह, राकेश सिंह, शिवकुमार, सत्यनारायण आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# जाते-जाते नीतीश एक तीर से कई शिकार खेल गए



गुलफिशा खान

बिहार की राजनीति में 15 अप्रैल 2026 की तारीख एक बड़े बदलाव के गवाह के रूप में दर्ज हो चुकी है। सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेना केवल एक पद का हस्तांतरण नहीं, बल्कि बिहार की सत्ता के केंद्र में एक नई पीढ़ी के आगमन का संकेत है। तारापुर की रैली में गृह मंत्री अमित शाह ने जो नींव रखी थी, अब उस पर भाजपा ने अपने नेतृत्व का महल तैयार कर लिया है। लेकिन इसके बावजूद भी सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उनकी चुनौतियां कम नहीं है। इससे वे कैसे पार पाएंगे। यह तो आने वाला वक्त बताएगा। अब बात करते है सुशासन बाबू के नाम से मशहूर हुए नीतीश कुमार की तो गौरतलब है कि नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री पद से हट चुके हैं और अब राज्यसभा के सांसद हैं। मगर अपने पार्टी के निशान तीर की तरह ही अपनी राजनीति कर गए हैं। बहुत बातें कही गईं कि उनके स्वास्थ्य की वजह से वो शायद राजनीतिक फैसले लेने में उतने सक्षम नहीं हैं मगर बिहार की राजनीति में उन्होंने जाते–जाते तीन शिकार कर गए हैं। पहला है सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना। इसमें सबसे बड़ी भूमिका रही है नीतीश कुमार की। भाजपा में कई नामों पर चर्चा हुई मगर नीतीश कुमार ने सब नामों पर वीटो लगा दिया। नीतीश कुमार ने भाजपा के पास कोई विकल्प ही नहीं छोड़ा सिवाय सम्राट चौधरी के। भाजपा को भी मालूम है कि बिहार और केंद्र में गठबंधन की सरकार है और दोनों जगह नीतीश कुमार की जरूरत है। जेडीयू के बिना ना तो बिहार में सरकार रहेगी और ना ही केंद्र में इसलिए नीतीश कुमार की बात मानना उनकी मजबूरी थी। बिहार में भी यही चर्चा थी कि कुर्मी मुख्यमंत्री को हटा कर या तो कोई कुर्मी मुख्यमंत्री हो या फिर कोईरी। भाजपा को भी कोईरी मुख्यमंत्री पसंद आ रहा था कि क्योंकि कुशवाहा और कुर्मी एनडीए के साथ मजबूती से रहे। यही वजह है कि उपेन्द्र कुशवाहा को भाजपा ने एनडीए का पांचवा उम्मीदवार बना कर राज्यसभा के लिए जितवाया और अब एक और कुशवाहा को मुख्यमंत्री बनाया। नीतीश कुमार भी लव कुश



(कुर्मी–कोईरी) के नेता रहे और जाते–जाते उन्हीं को सत्ता सौंप गए। दूसरा सबसे बड़ा निशाना साधा नीतीश कुमार ने दो उपमुख्यमंत्री बना कर। विजेंद्र यादव और विजय कुमार चौधरी को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। एक यादव और एक भूमिहार। यह बिहार की राजनीति में एक नया जाति गठजोड़ बनाने का प्रयास है। एक यादव को उपमुख्यमंत्री बना कर अब बिहार की तीन बड़ी पिछड़ी जातियों को एक करने का प्रयास है। यादव,कुर्मी और कुशवाहा गठजोड़ को एक करने से पिछड़ा वोट बैंक और मजबूत होगा। अगर ऐसा होता है तो राष्ट्रीय जनता दल की राजनीति पर असर पड़ेगा। यह कदम तेजस्वी यादव के लिए चिंता का सबब बनेगा। उत्तर बिहार के यादवों के चार बड़े जिलों–सहरसा, सुपौल, मधेपुरा और खगड़िया को नीतीश कुमार ने टारगेट किया है। इन जिलों के लोग जिस विश्वास के आधार पर जदयू को वोट करते थे, आज उसका कर्ज भी नीतीश कुमार ने अपनी राजनीतिक विदाई में विजेंद्र यादव को उप मुख्यमंत्री बनाकर उतारने की कोशिश की है। सीधे तौर पर तेजस्वी यादव और राष्ट्रीय जनता दल की राजनीति को विजेंद्र यादव को उप मुख्यमंत्री बनाकर चुनौती देने की कोशिश की गई है। नीतीश कुमार ने एक और तीर चलाया जो सीधे निशाने पर लगाया है। वो है सर्वण जाति से उपमुख्यमंत्री बनाना। सवर्णों में सबसे ज्यादा मुखर और लोगों को प्रभावित करने वाली जाति भूमिहार है। पिछले कई दशकों से यह जाति अपने आप को हाशिए पर पा रही थी मगर नीतीश कुमार ने इस जाति से उपमुख्यमंत्री बना कर भूमिहार समाज को ना केवल शांत करने के कोशिश की साथ ही उसे राजनीतिक संजीवनी भी दे दी है। नीतीश कुमार ने विजय कुमार चौधरी के रूप में दूसरा उप मुख्यमंत्री देकर बिहार के समाज में संतुलन बनाने की कोशिश की है। अब आने वाला समय बताएगा कि नीतीश कुमार की यह धुरंधर राजनीतिक चतुराई वाली चाल कितनी सफल होती है, और सामाजिक तौर पर राष्ट्रीय जनता दल और भाजपा को कितना कमजोर करती है या जदयू को मजबूत करती है। मगर एक तीर जो नीतीश कुमार चूक गए वो है उनका अति पिछड़ा वर्ग. इस वर्ग को नीतीश कुमार ने ही अपने वोट बैंक की तरह बनाया और यह वर्ग उनके साथ हमेशा खड़ा रहा। मगर हमेशा चट्टान कि तरह खड़े रहने वाले अतिपिछड़ा वर्ग को इस नई सरकार में सबसे ज्यादा मायूसी मिली है। नीतीश कुमार ने अपने राजनीति जीवन में जीतनराम मांझी को मुख्यमंत्री बनाकर दलित और महादलित समाज को भी बड़ा राजनीतिक लाभ दिया पर अतिपिछड़ा समाज को हमेशा सर्वोच्च राजनीतिक पद देने में बचते रहे। पूरे बिहार के राजनीतिक विश्लेषकों को लगता था कि नीतीश जाते–जाते भाजपा के साथ मिलकर अतिपिछड़ा मुख्यमंत्री देंगे पर ऐसा नहीं हुआ। अति पिछड़ा उपमुख्यमंत्री की बात बहुत जोड़ शोर से आरजेडी ने विधानसभा चुनाव में की थी। फिर भी अतिपिछड़ा समाज ने नीतीश कुमार पर भरोसा जताया लेकिन नीतीश ने अति पिछड़ा वर्ग से उपमुख्यमंत्री नहीं बना कर सर्वण भूमिहार को चुना। बिहार में अब एक नया मुख्यमंत्री है और नई सरकार है। नीतीश कुमार ने अभी भी इस फेरबदल के बाद अपनी राजनीतिक पकड़ बनाए रखी है। अब देखना होगा कि भाजपा और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी नीतीश कुमार के साए से कब निकल पाते हैं।

# क्या ट्रंप ने मान लिया है कि होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान का हक़ है?



फरीद वारसी

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बहुत बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि लेबनान–इजरायल युद्धविराम तक होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह से खुला रहेगा। उनका ये ऐलान पूरी दुनिया के लिए इस साल की सबसे बड़ी गुड न्यूज है। इससे भारत समेत पूरी दुनिया की टेंशन एक झटके में दूर हो गई है। अराघची ने एक्स पर लिखा, लेबनान में हुए युद्धविराम के अनुरूप, होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए युद्धविराम की शेष अवधि के लिए मार्ग पूरी तरह से खुला घोषित किया गया है, जो कि ईरान के इस्लामी गणराज्य के बंदरगाह और समुद्री संगठन द्वारा पहले से घोषित समन्वित मार्ग पर होगा। होर्मुज खोलने का ऐलान कितना बड़ा है, ये इससे समझिए कि आपके घर में जो एलपीजी या पीएनजी गैस आता है, वो खाड़ी देशों से ही ज्यादातर होर्मुज के रास्ते आता है। पेट्रोल–डीजल जो आप अपनी कारों में भरवाते हैं, वो भी खाड़ी देशों से होर्मुज के रास्ते आता है। अब अगर होर्मुज खुल जाएगा तो किल्लत खत्म हो जाएगी और कीमतें बढ़ाने की नौबत नहीं आएगी। इसीलिए ये भारत सहित दुनिया भर के लिए बड़ी खबर है। ऐसे में कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि तेल संकट से कराह रही दुनिया के लिए यह बहुत राहत की खबर है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोलने का ऐलान कर दिया है। जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी सोशल मीडिया पर ईरान के इस फैसले को लेकर पोस्ट किया। लेकिन इस पोस्ट में उन्होंने एक ऐसी बात लिख दी, जिससे सवाल उठने लगे कि क्या उन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर ईरान का हक मान लिया है। फारस की खाड़ी में स्थित स्ट्रेट ऑफ होर्मुज दुनिया में तेल और गैस की लगभग 20 फीसदी सप्लाई का प्रमुख रास्ता है। 28 फरवरी को अमेरिका–इजरायल के अचानक हमले के बाद से ईरान ने इसे बंद कर रखा है। इसकी वजह से दुनिया में तेल और गैस का भीषण संकट पैदा हो गया है। विदित हो कि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि जब तक मिडिल ईस्ट में सीजफायर लागू रहेगा, तब तक स्ट्रेट ऑफ होर्मुज सभी कमर्शल जहाजों के लिए खुला रहेगा। हालांकि ये अभी साफ नहीं है कि सीजफायर से उनका संदर्भ अमेरिका–ईरान के बीच हुए दो हते के सीजफायर से था या इजरायल–लेबनान के बीच हुए 10 दिन के युद्धविराम से। बता दें कि अमेरिका–ईरान के बीच घोषित सीजफायर 22 अप्रैल को खत्म होने वाला है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने के ईरान के ऐलान का हवाला देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने कुछ ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया। इसके बाद सवाल उठ रहे हैं कि आखिर उन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को स्ट्रेट ऑफ ईरान क्यों कहा। क्या वाकई अमेरिका





ने मान लिया है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर ईरान का हक है, या फिर ट्रंप की ये कोई नई तिकड़म है? गौर तलब है कि ट्रंप ने स्ट्रेट ऑफ ईरान वाली पोस्ट से कुछ घंटे पहले भी होर्मुज को लेकर एक बयान दिया था। इसमें उन्होंने चुटीले अंदाज में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की जगह स्ट्रेट ऑफ ट्रंप शब्द का प्रयोग किया था। उन्होंने कहा था– ईरान को स्ट्रेट ऑफ ट्रंप, मेरा मतलब होर्मुज, खोलना ही होगा। मियामी में एक कार्यक्रम में जब ट्रंप ने स्ट्रेट ऑफ ईरान शब्द का इस्तेमाल किया, तो हॉल में ठहाके गूंज उठे। बाद में ट्रंप ने तुरंत कहा– माफ कीजिए, मुझसे गलती हो गई, बहुत भयानक गलती हो गई। इसके बाद तुरंत मजाकिया लहजे में कहने लगे कि– फेक न्यूज वाले कहेंगे कि मैंने गलती से ऐसा कह दिया... नहीं, मेरे साथ कोई एक्सीडेंट नहीं होता, कम से कम ज्यादा तो नहीं। अगर ऐसा होता तो यह सबसे बड़ी खबर बन चुकी होती। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति अपने अनोखे अंदाज और शब्दों के अटपटे इस्तेमाल को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। पहले भी कई बार वह अनोखे शब्द गढ़ चुके हैं। जिसके कुछ उदाहरण देखिए– 2017– न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अफ्रीकी नेताओं के साथ लंच के दौरान ट्रंप ने दो बार नामीबिया को नाइम्बेला कहकर संबोधित किया था। 2016– ट्रंप ने कई बार अपने भाषणों में बिगली शब्द का इस्तेमाल किया था। इस पर लंबी बहस चली थी कि वह वास्तव में क्या कहना चाह रहे है क्योंकि बिगली जैसा कोई शब्द प्रचलित नहीं है। 2017– ट्रंप ने आधी रात को एक ट्वीट किया था– ष्क्मेचपजम जीम बवदेजंदज दमहंजपअम चतमे बवअमिमिष् इसमें बवअमिमि शब्द का क्या मतलब था, इस पर बहस छिड़ गई। बाद में ट्रंप ने मजाक में लिखा, कौन इस शब्द का असली मतलब ढूंढ सकता है? खोजें और आनंद लें। 2019– व्हाइट हाउस में आई फुटबॉल टीम के लिए फास्ट फूड ऑर्डर करने को लेकर उन्होंने ट्वीट किया था कि उन्होंने 1,000 से ज्यादा ष्'उइमतकमतेष ऑर्डर किए हैं। दरअसल उनका आशय हैम्बर्गर से था, जिसे लेकर खूब मजाक बना था।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम-प्रतिनिधित्व से राष्ट्रनिर्माण तक

श्रीमती रूपकुमारी चौधरी

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः – यह केवल एक श्लोक नहीं, बल्कि भारत की शाश्वत संस्कृति का उद्घोष रहा है। लेकिन पूजा और सम्मान से आगे बढ़कर, आज का भारत अधिकार, अस्तित्व और नेतृत्व की बात कर रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक वैधानिक प्रलेख नहीं है, बल्कि सदियों से बंद उन द्वारों की कुंहै जिसके पीछे भारत की आधी आबादी का सामर्थ्य अवरुद्ध था। यह अधिनियम किसी पर किया गया उपकार नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक अन्याय का परिमार्जन है जो कालचक्र ने महिलाओं के साथ किया। आज महिलाएं आरक्षण इसलिए नहीं मांग रही हैं कि वे निर्बल हैं; वे इसलिए मांग रही हैं क्योंकि राष्ट्र की नीति–निर्धारण की सर्वोच्च आसंदी पर उनका स्थान रिक्त है। भारत का लोकतंत्र केवल निर्वाचन की व्यवस्था मात्र नहीं, बल्कि एक जीवंत सामाजिक अनुबंध है, जिसकी पूर्णता महिलाओं की निर्णायक भागीदारी के बिना असंभव है। आज जब हम इस ऐतिहासिक उपलब्धि का उत्सव मनाने तत्पर हो रहे हैं, तो हमें यह स्वीकार करना होगा कि यह अधिनियम दशकों से अधर में लटका हुआ था। पूर्व की सरकारों में इच्छाशक्ति का अभाव था, जिसके कारण नारी शक्ति का यह अधिकार फाइलों में दबा रहा। यह अधिनियम केवल और केवल देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अदम्य इच्छाशक्ति और दूरदर्शी सोच का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने अमृत काल के इस दौर में यह सिद्ध कर दिया है कि उनके लिए नारी शक्ति केवल एक मतदाता समूह नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। मोदी ने अपनी माता और बहनों के प्रति जो संवेदनशीलता दिखाई है, वह अद्वितीय है। चाहे वह रसोई के धुएँ से मुक्ति दिलाने वाली उज्ज्वला योजना हो, घर–घर शौचालय बनवाकर महिलाओं को सम्मान देने वाला स्वच्छ भारत मिशन हो, या फिर हर घर जल पहुँचाकर माताओं के जीवन को सुगम बनाने का संकल्पकृ प्रधानमंत्री ने सदैव एक हितैभाई और पुत्र की भांति देश की महिलाओं की मूलभूत समस्याओं को समझा और उन्हें हल किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम उनके इसी अटूट समर्पण की अगली कड़ी है, जो महिलाओं को लाभार्थी से उठाकर नेतृत्वकर्ता की श्रेणी में खड़ा करती है। जब हम सामर्थ्य की बात करते हैं, तो अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत की बेटियों ने वह कर दिखाया है जिसकी कल्पना भी कठिन थी। रितु करिधाल जी, जिन्हें भारत की रॉकेट वुमन कहा जाता है, उनकी कहानी लखनऊ की तंग गलियों से शुरू होकर मंगल ग्रह की कक्षाओं तक पहुँचती है। मंगलयान मिशन में डिप्टी ऑपरेशन्स डायरेक्टर के रूप में उन्होंने वह जटिल गणित और गणनाएँ कीं, जिन्होंने भारत को पहले ही प्रयास में मंगल पर पहुँचने वाला विश्व का पहला देश बना दिया। एक माँ और एक वैज्ञानिक के दायित्वों के बीच संतुलन बिठाते हुए रितु ने सिद्ध किया कि महिला का प्रबंधन कौशल ब्रह्माण्ड की जटिलताओं को भी सुलझा सकता है। वहीं, मुथैया वनिता जी का नाम भारत के चंद्रयान–2 मिशन के साथ स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। वे इसरो के इतिहास में किसी अंतरग्रहीय मिशन का नेतृत्व करने वाली पहली महिला प्रोजेक्ट डायरेक्टर बनीं। एक इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम इंजीनियर के रूप में उनका अनुभव और डेटा को समझने की उनकी अद्भुत क्षमता ने भारत के चंद्र अभियान को एक नई ऊँचाई दी। वनिता की सफलता यह संदेश देती है कि जब जटिल इंजीनियरिंग और तकनीक की बात आती है, तो भारत की बेटियाँ केवल सहभागी नहीं, बल्कि सर्वोपरि मार्गदर्शक हैं। इन दोनों वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया कि अब आसमान भी भारत की बेटियों की सीमा नहीं है। ?परंतु मातृशक्ति की यह उड़ान केवल भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं रही। जब हम वैश्विक क्षितिज पर देखते हैं, तो कल्पना चावला का नाम हमारे सामने आता है, जिन्होंने करनाल की मिट्टी से उठकर अंतरिक्ष के तारों तक पहुँचने का साहस दिखाया। वे आज भी हर उस बेटी के लिए प्रेरणा हैं जो अभावों के बीच बड़े सपने देखती हैं। महिला नेतृत्व की प्रभावशीलता का एक और प्रकाश स्तंभ सुषमा स्वराज जी का कार्यकाल रहा। उन्होंने विदेश मंत्रालय को रायसीना हिल्स की फाइलों से निकालकर आम नागरिक के द्वार तक पहुँचा दिया। उन्होंने सिद्ध किया कि कूटनीति केवल मेज पर होने वाले समझौतों का नाम नहीं, बल्कि अपने नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता का नाम है। उनका वह आश्वासन आज भी गूँजता हैकृ यदि आप मंगल ग्रह पर भी फँसे हैं, तो भारतीय दूतावास वहाँ आपकी मदद करेगा। ऑपरेशन राहत के माध्यम से हजारों भारतीयों को सुरक्षित बचाना और वैश्विक मंचों पर हिंदी की गर्जना करना, उनके सशक्त नेतृत्व का प्रमाण था। शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में भी बदलाव की लहर स्पष्ट है। अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण ;(ढ़ढस्ध्श्व) के अनुसार, उच्च शिक्षा में महिलाओं के नामांकन में 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सत्तर प्रतिशत कार्यबल महिलाएं हैं। प्रशासनिक जगत में किरण बेदी जैसी अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के काफिले का चालान काटकर यह संदेश दिया कि विधान की दृष्टि में सत्ता का कोई विशेष मोल नहीं है। यही वह निष्पक्षता और साहस है जिसकी आज हमारी राजनीति को आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है जब विकास का नेतृत्व महिलाएँ करें। मुद्रा योजना के माध्यम से आज करोड़ों महिलाएँ लखपति दीदी बन रही हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से लेकर सेनाओं में महिलाओं के स्थायी कमीशन तक, मोदी ने हर बाधा को दूर किया है। यह अधिनियम उसी श्रृंखला का महा–अनुष्ठान है, जो राजनीति की सर्वोच्च संस्थाओं में महिलाओं की गर्जना सुनिश्चित करेगा। यह प्रधानमंत्री का अपनी देश की करोड़ों माताओं–बहनों को दिया गया एक ऐतिहासिक उपहार है। विश्व भर की संसदों में महिलाओं का औसत प्रतिनिधित्व आज भी मात्र छब्बीस प्रतिशत है, जबकि भारत तैंतीस प्रतिशत के साथ दुनिया को राह दिखाएगा। यह अधिनियम उस मानसिकता पर प्रहार है जो महिलाओं को केवल लाभार्थी मानती थी; अब वे भाग्यविधाता की भूमिका में होंगी। संसद और विधानसभाओं में यह आरक्षण केवल सीटों का बँटवारा नहीं, बल्कि हमारी राजनीति के चरित्र को बदलने का संकल्प है। 14 लाख महिला जन–प्रतिनिधियों ने पंचायतों में पहले ही अपनी कार्यक्षमता सिद्ध कर दी है। अब समय है कि वे राष्ट्र की नीतियों का निर्माण करें। यह अधिनियम उन करोड़ों लड़कियों के आत्मविश्वास का विस्तार है, जो अब संसद की दीर्घा को देखकर यह कह सकेंगी– हाँ, मैं भी यहाँ पहुँच सकती हूँ। जब नारी सशक्त होगी, तभी राष्ट्र वास्तव में समर्थ होगा। प्रधानमंत्री के इस महान संकल्प के साथ, आइए हम सब मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करें जहाँ शक्ति, सुरक्षा और समृद्धि की पहचान हमारी मातृशक्ति हो।

लेखिका सांसद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष हैं)

# वित्त मंत्री ने नगरवासियों से भाजपा प्रत्याशी को जिताने का किया आहवान

## - निर्दलीय प्रत्याशी ओमकार कश्यप ने दिया सोनम को अपना समर्थन

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। मीरानपुर कटरा नगर पंचायत उपचुनाव के नामांकन होने के



बाद देर रात वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का काफिला अचानक कटरा पहुंच गया। जहां उन्होंने नेशनल हाईवे स्थित विनोद गंगवार के आवास पर पहुंच कर मुलाकात की। चुनावी माहौल का जायजा लिया। विनोद गंगवार ने वित्त मंत्री का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया तत्पश्चात ब्लॉक प्रमुख पति राजीव कश्यप के आवास पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने चुनावी चर्चा की। इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के समक्ष निर्दलीय प्रत्याशी ओमकार कश्यप ने भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता के पक्ष में अपना समर्थन देकर भाजपा प्रत्याशी को चुनाव लड़ाने का आश्वासन दिया तत्पश्चात वित्त मंत्री का काफिला सर्राफा एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद वर्मा के यहां पहुंचा जहां मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। मंत्री ने सभी लोगों से भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। भाजपा नेता राहुल गुप्ता के यहां वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि 5 मई मतदान दिवस को मतदाता कहीं भी बाहर न जायें। घरों से निकल कर अधिक से अधिक मतदान कर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनायें। इस दौरान राहुल गुप्ता ने मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा व विधायक डॉ बीर विक्रम सिंह प्रिंस का माल्यार्पण कर व देव चित्र देकर स्वागत किया। निवर्तमान ब्लाक प्रमुख नरेंद्र कुमार गुप्ता के आवास पर रुक कर मंत्री ने पार्टी पदाधिकारी से पूरी मेहनत से भाजपा प्रत्याशी का चुनाव लड़ने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री का काफिला भाजपा कार्यालय पहुंचा। जहां पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता ने वित्त मंत्री का स्वागत किया। भाजपा कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष रजत शर्मा सभासद विश्वनाथ त्रिपाठी रवि त्रिपाठी आदि कार्यकर्ताओं को वित्त मंत्री ने पूरी मेहनत से चुनाव लड़ाने के दिशा निर्देश दिए। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा कटरा विधानसभा विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने भी भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सोनम गुप्ता को भारी मतों से जीतने की अपील की है। देर रात वित्त मंत्री का काफिला शाहजहांपुर रवाना हो गया। इस दौरान वित्त मंत्री के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा विधायक डॉक्टर वीर विक्रम सिंह प्रिंस निवर्तमान ब्लाक प्रमुख नरेंद्र कुमार गुप्ता ब्लॉक प्रमुख पति राजीव कश्यप एडवोकेट सत्यपाल ओमकार कश्यप हर्षित शंखधार विनोद गंगवार प्रकाश गंगवार सत्य प्रकाश गुप्ता राहुल गुप्ता अमित गुप्ता गोपाल अग्रवाल विश्वनाथ त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष रजत शर्मा सभासद आशांक गुप्ता रचित गुप्ता सौरभ गुप्ता सुमित गुप्ता लकी गुप्ता लविश गुप्ता सहित सैकड़ो लोगों साथ रहे।

# सिरसागंज के संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ ने सुनीं समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। तहसील सिरसागंज में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस दौरान




भूमि विवाद, अवैध कब्जे, बिजली, आपूर्ति और आपराधिक धमकियों से संबंधित मामले सामने आए, जिन पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। ग्राम अकबरपुर सराय के निवासी चंद्रपाल सिंह ने खेत के सहारे स्थित चकरोड पर पड़ोसी काश्तकारों द्वारा अवैध कब्जा करने की शिकायत की गई, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने लेखपाल और संबंधित क्षेत्राधिकार को संयुक्त रूप से पैमाइश कर चकरोड मुक्त करने के निर्देश दिए, इसी तरह ग्राम नगला धीर के निवासी अजय कुमार ने शिकायत की की प्रार्थी के पिता और भाई की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु और 11 बीघा जमीन का फर्जी बैनामा कराने का आरोप लगाया, प्रार्थी ने जान माल के खतरे और नामजद लोगों द्वारा हत्या की धमकी की शिकायत की, मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने मामले को क्षेत्राधिकारी को जांच के कड़े निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम शेरपुर अफजलपुर के निवासी रघुवीर सिंह ने शिकायत की की गाटा संख्या 754 सरकारी चकरोड को दबंगों द्वारा काटकर खेतों में मिल लिया गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है, मुख्य विकास अधिकारी ने राजस्व टीम को तत्काल इसकी पैमाइश के आदेश दिए, इसी तरह ग्राम फुटआमई के निवासी शिशुपाल सिंह ने शिकायत की की आंधी के कारण 11 हजार के0वी0 की लाइन 8 दिनों से खराब है, जिसके कारण मक्का की फसल सूख रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने इसकी जांच एसडीओ, जेई हाइडल को तत्काल करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम किठौत की निवासी सर्वेश कुमारी ने बिना सरकारी बंटवारे के सह–खोता द्वारा जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत की। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने तहसीलदार को निर्माण कार्य को रूकवाने के निर्देश दिए, इस दौरान 44 शिकायर्त आई और मौके पर 5 का निस्तारण हुआ। अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण समयअंतर्गत सीमा के भीतर किया जाए, इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राममदन राम, उपजिलाधिकारी सिरसागंज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी आदि जिला स्तर अधिकारी उपस्थित रहें।

# गौसेवा आयोग के अध्यक्ष व सदस्य ने गौशालाओं का किया भ्रमण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। गौसेवा आयोग के अध्यक्ष अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता एवं सदस्य रमाकान्त उपाध्याय की टीम द्वारा जनपद की विभिन्न गौशालाओं का निरीक्षण व भ्रमण किया गया। सर्वप्रथम टीम



द्वारा विकास खण्ड मदनपुर स्थित वृहद गौसंरक्षण केन्द्र, कारीखेड़ा का निरीक्षण किया गया। गौशाला में वर्मीकम्पोस्ट एवं गोबर गैस प्लांट स्थापित पाया गया, जिस पर अध्यक्ष द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई तत्पश्चात टीम द्वारा विकास खण्ड शिकोहाबाद की नावली एवं कान्हा गौशाला, जरौलीकला का निरीक्षण किया गया। जहाँ व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गरी निरीक्षण के दौरान एक स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधियों से भी भेंट की गई। संस्था संचालक द्वारा अवगत कराया गया कि वे लगभग 350 बीघा भूमि पर नैपियर घास की बुवाई कर रहे हैं, जिसकी लागत लगभग तीन प्रति जड़ है। इच्छुक गौशाला संचालकों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा सकती है। इस पर अध्यक्ष द्वारा सुझाव दिया गया कि नैपियर घास को र। प्रति जड़ की दर से उपलब्ध कराया जाए, जिससे लागत की आंशिक पूर्ति हो सके। गौशालाओं के निरीक्षण उपरांत अध्यक्ष, उ0प्र0 गौसेवा आयोग द्वारा अपरान्ह 03 बजे विकास भवन सभागार में जनपद की गौवंश संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति के अधिकारियों, पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिए गए कि गौशालाओं से संबद्ध चारागाह भूमि पर नैपियर घास के साथ–साथ मोरिंगा (सहजन) की बुवाई कराई जाए। किसानों को भी उक्त फसलों की खेती हेतु प्रोत्साहित किया जाए, जिससे वर्षभर हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों के साथ हरे चारे हेतु अनुबंध किया जाए। कारीखेड़ा गौशाला में स्थापित वर्मीकम्पोस्ट एवं गोबर गैस प्लांट मॉडल को जनपद की अन्य गौशालाओं में भी लागू किया जाए।

# एसआर ज्ञानेश्वरी इंटर कॉलेज व सखी वन स्टॉप सेंटर में हुई जागरूकता कार्यशाला

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन की निर्देशन में महिला कल्याण विभाग जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन एवं सखी वन स्टॉप सेंटर पर नारी शक्ति बंधन अधिनियम पर महिलाओं को संवेदीकरण करने हेतु जागरूकता कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति, संकल्प जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन (डीएचईडब्लू) की अधिकारी अनम अकाशा द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित समझ जानकारी प्रदान की गई विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाएं एवं पत्रकारों द्वारा नई शक्ति वंदन अधिनियम (126 वां संविधान संशोधन विधेयक 2023) भारतीय




संसद द्वारा पारित एक ऐतिहासिक कानून है जो लोकसभा राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत यानी एक तिहाई सीटें आरक्षित करता है। इस कानून का उद्देश्य राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है आदि जानकारी प्रदान की गई साथ ही महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं को सजग व सतर्क रहने के लिए कहा गया एवं नए कौशल सीखने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही एस आर ज्ञानेश्वरी इंटर कॉलेज के बालक एवं बालिकाओं को संबोधित करते हुए पोक्सो अधिनियम की संपूर्ण जानकारी एवं प्रेम प्रसंग में घर से भाग रहे बच्चों के उदाहरण देकर संवेदीकरण भी किया गया। साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि कल 19 अप्रैल 2026 में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर यह .ढ़ निश्चय किया जाए के कोई भी बाल विवाह ना हो पाए जिससे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को गति मिली। मोहिनी शर्मा एवं सखी वन स्टॉप सेंटर प्रभारी एवं काउंसलर शिक्षा सारस्वत द्वारा सभी को घरेलू हिंसा अधिनियम पाक्सो अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, एवं संबंधित हेल्पलाइन नंबर्स जैसे महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन1076, वूमेन पावर लाइन1090, चाइल्ड हेल्पलाइन1098, साइबर हेल्पलाइन 1036, इमरजेंसी पैनिक बटन 112 आदि पर चर्चा की गई एवं महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं पर भी प्रकाश डाला साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह मुक्त भारत पर समस्त को अनम अकाशा द्वारा शपथ भी कराई गई। स्टाफ नर्स शशि माला एवं जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन ( डी. एच. ई. डब्लू )की अधिकारी अनम अकाशा द्वारा सभी बालिकाओं का अलग से एक सेपरेट सेशन लिया गया जिसमें बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारियां एवं बचाव, एवं अर्ली प्रेगनेंसी के दुष्परिणाम एवं हार्मोनल चेंजेज का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ता है, आदि पर जागरूकता विकसित कर सेंसिटाइजेशन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एस आर ज्ञानेश्वरी इंटर कॉलेज के प्रधान अध्यापक तरुण कुमार उपाध्याय, इंटर कॉलेज मैनेजर नीरज एवं समस्त अन्य अध्यापक एवं अध्यापिकाएं, और महिला कल्याण विभाग से मोहिनी शर्मा, अरुण कुमार के साथ वन स्टॉप सेंटर स्टाफ से शिक्षा सारस्वत, शशि माला स्टाफ नर्स, कैस वर्कर निधि, सतीश के साथ पुलिस विभाग से कांस्टेबल प्रीति हेड कांस्टेबल शशिबाला, होमगार्ड अमरजीत आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने मौके पर जाकर कुल 23 शिकायतों का किया निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु विशेश अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नामित किया गया है। विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता के मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम 01 स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम 02 स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण करेंगे। शुक्रवार को चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से कुल 23 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। विशेष अभियान के अन्तर्गत शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत के निस्तारण हेतु परेशान नहीं होना पडेगा। पुलिस शिकायतकर्ता के घर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर करेगी शिकायत का समाधान व दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर शिकायत के समाधान के सम्बंध में सन्तुष्ट किया जायेगा। शिकायतकर्ता को बार–बार थाने अथवा उच्चाधिकारियों के पास पुलिस ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं पडेगी, उसकी शिकायत का निस्तारण और बेहतर तरीके से मौके पर हो पायेगा।

# दमन के खिलाफ दलो, जन संगठनों और नागरिक समाज ने राज्यपाल को भेजा पत्र

## -नोएडा श्रमिक आंदोलन को बदनाम करना बंद करें सरकार

## -प्रदेश में हो लोकतांत्रिक राजनीतिक वातावरण व कानून का राज

संवाददाता लखनऊ। शहर के प्रतिष्ठित जन चेतना पुस्तक केंद्र पर पुलिस द्वारा छापा मारने और वरिष्ठ पत्रकार रहे सत्यम वर्मा को कल रात से ही पुलिस द्वारा गायब करने, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को नोएडा के मजदूरों से मिलने से रोकने, गिरफ्तार मजदूरों पर रासुका लगाने के एलान के खिलाफ और मजदूरों के सम्मानजनक जीवन के लिए न्यूनतम मजदूरी प्रदेश में 26000 रुपए तत्काल करने व आधुनिक गुलामी के सभी प्रयासों को समाप्त करने के सवाल पर आज प्रदेश के विभिन्न राजनीतिक दलों, जन व मजदूर संगठनों और नागरिक समाज के लोगों ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को ईमेल द्वारा पत्र भेजा। पत्र में कहा गया कि उत्तर प्रदेश में आपातकाल जैसे हालात बना दिए गए हैं। आधुनिक गुलामी के खिलाफ नोएडा के श्रमिकों के स्वतरूस्फूर्त प्रतिवाद को बदनाम करने में पूरी सरकार और उसके शासन प्रशासन के लोग लगे हुए हैं। सभी लोग जानते हैं कि पिछले कई वर्षों से मजदूरों पर आधुनिक गुलामी थोप दी गई, लंबे संघर्षों के बाद जो अधिकार भी उन्हें हासिल हुए थे वह उनसे छीन लिए गए और लेबर कोड लाकर सरकार ने मजदूरों को असहाय बना दिया। ऐसे में मजदूरों की वास्तविक समस्याओं को हल करने की जगह अनावश्यक बयानबाजी की जा रही है और भय का वातावरण बनाया जा रहा है। राजनीतिक दलों व संगठनों के लोगों को नोएडा में मजदूरों से मिलने नहीं दिया जा रहा और पत्रकारों तक हमले किए जा रहे हैं। लखनऊ के प्रतिष्ठित संस्थान जन चेतना पुस्तक केंद्र पर पुलिस द्वारा लगातार छापा डालने उसकी संचालिका प्रख्यात कवियत्री कात्यायनी व पूर्व पत्रकार सत्यम वर्मा समेत लोगों को परेशान करने की कड़ी निंदा की गई और सरकार से सत्यम वर्मा को तत्काल रिहा करने की मांग की गई। पत्र में कहा गया कि पूरे प्रदेश में ट्रेड यूनियन नेताओं की धर पकड़ हो रही है और फिरोजाबाद, नोएडा समेत कई जगहों पर मजदूर नेताओं को जेल भेज दिया गया। लोकतांत्रिक प्रणाली में यदि ट्रेड यूनियन, संगठन, राजनीतिक दल और संस्थाएं नहीं रहेंगे तो इसे चला पाना ही संभव नहीं रहेगा। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए बेहतर नहीं है। इसलिए सरकार को भय के माहौल को समाप्त करने की पहल करनी चाहिए, और लोकतंत्र व शांति के लिए प्रदेश में सामान्य राजनीतिक गतिविधियों के हालात बनाने चाहिए। पत्र ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस. आर. दारापुरी, लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रोफेसर रूपरेखा वर्मा, एडवा की नेता मधु गर्ग, कांग्रेस के निवर्तमान प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, मानवाधिकार कार्यकर्ता वंदना मिश्रा, समाजवादी चिंतक प्रोफेसर रमेश दीक्षित, राष्ट्र उदय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूराम पाल, इप्टा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राकेश, एटक के महामंत्री चंद्रशेखर, एचएमएस के मंत्री एडवोकेट अविनाश पांडे, समाजवादी मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनीराम श्रमिक, वर्कर्स फ्रंट के पूर्व अध्यक्ष दिनकर कपूर, इंटक के प्रदेश मंत्री दिलीप श्रीवास्तव, शिक्षा–स्वास्थ्य अधिकार अभियान की डॉक्टर वीना गुप्ता, टीयूसीसी के प्रदेश महामंत्री प्रमोद पटेल, एपवा से मीना सिंह, जन संस्कृति मंच के कार्यकारी अध्यक्ष कौशल किशोर, युवा भारत के आलोक सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता नाइस हसन, लखनऊ बचाओ संघर्ष समिति के इमरान राजा, राष्ट्रीय कुली मोर्चा के नेता राम सुरेश यादव आदि लोगों की तरफ से भेजा गया है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा का हुआ भव्य शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद में आज संस्.ति का स्वाभिमान, परम्पराओं का हो सम्मान के संकल्प के साथ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा का भव्य शुभारंभ हुआ। इस यात्रा को सदर विधायक मनीष असीजा ने मिनी बस को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष उदय



प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य उपस्थित रहें, यात्रा को रवाना करने से पूर्व विधायक मनीष असीजा ने सभी तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी यात्राऐं हमारी सांस्.तिक विरासत और श्रद्धा को मजबूती प्रदान करती हैं। उन्होंने सभी यात्रियों की मंगलम यात्रा की कामना की, यात्रा की मिनी बस को रवाना करते समय उपस्थित जन समूह ने जयकारों के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया, यह यात्रा श्रद्धालुओं को भगवान सोमनाथ के दर्शन कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुदर्शन कुमार और पर्यटन अधिकारी विशाल श्रीवास्तव उपस्थित रहें।

# सोशल मीडिया पर वायरल हुए मारपीट के वीडियो और वादी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता मौदहा (हमीरपुर)। मौदहा कस्बे में सोशल मीडिया पर वायरल हुए मारपीट के वीडियो और वादी की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बा स्थित अरतरा मोड़ निवासी रामप्रसाद पुत्र बैजनाथ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे मोहल्ले के छोटे लाल पुत्र राधेश्याम, सर्वेश उर्फ भोला पुत्र छोटे लाल, रिंकू पुत्र छोटे लाल और कल्लू पुत्र राधेश्याम उनके घर के सामने आकर गाली–गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ–साथ उनकी मां के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दीस पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपियों के खिलाफ मु0अ0सं0 113/26 के तहत धारा 115(2), 352 व 351(3) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर लिया है।कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो और तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्मे वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

# एसकेएस नर्सिंग कॉलेज सबलापुर में हुई वेलकम पार्टी

## – जूनियर्स का भव्य स्वागत, मिस्टर फ्रेशर बने शाहिल, मिस फ्रेशर बनी हर्षिका

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, सबलापुर में शनिवार को सेमिनार हॉल में भव्य वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीनियर छात्र–छात्राओं ने जूनियर्स का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे







पूरे परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्था चेयरमैन डॉ. सर्वेश शुक्ला की सुपुत्री डॉ. वर्षा शुक्ला रहीं।

उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सीनियर विद्यार्थियों ने एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग व पैरामेडिकल के नए छात्रों का रोली–चंदन, बैच व गुलाब देकर अभिनंदन किया। जूनियर छात्रों ने मंच पर आत्मपरिचय प्रस्तुत किया, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत–संगीत, नृत्य और रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। दर्शकों की तालियों की गूंज ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिताओं के बाद शाहिल को मिस्टर फ्रेशर और हर्षिका को मिस फ्रेशर चुना गया। मुख्य अतिथि डॉ. वर्षा शुक्ला ने अपने संबोधन में अनुशासन, कड़ी मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। नर्सिंग प्राचार्या डॉ. के. रोजा रानी ने संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बीएससी नर्सिंग चौथे सेमेस्टर की सौम्या शुक्ला व आयुषी मिश्रा की टीम की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर प्रबंधक आस्था शुक्ला, प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार त्रिपाठी, एकाउंट मैनेजर नीलेश तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर संगीता पाल, प्रतीक्षा पाठक, चंदन शर्मा, उदय प्रताप वर्मा, यशवंत सिंह, राजन यादव, एकता सिंह, आंचल सिंह, सौम्या सिंह, सुषमा गिरी, मोनिका, संगीता, अनुराधा, लवीशा, सुमति, कीर्ति, आयुषी, धर्मेंद्र तिवारी, मथन, पावक समेत अन्य शिक्षकगण व छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

# एसएसबी में टीबी मुक्तभारत अभियान के तहत जागरूकता सत्र आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। सशस्त्र सीमा बल की 59 वीं वाहिनी द्वारा आज वाहिनी मुख्यालय में क्षय रोग मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कैलाश चंद रमोला, कमांडेंट 59वीं वाहिनी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सत्र की अध्यक्षता डॉ. ए. लिंगय्या द्वितीय कमान अधिकारी (चिकित्सा) द्वारा की गई।



कार्यक्रम के दौरान जवानों को संबोधित करते हुए डॉ. ए. लिंगय्या ने टीबी के लक्षणों, इसके बचाव के उपायों और समय पर उपचार की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी जरूर है, लेकिन सही समय पर पहचान और नियमित उपचार से इसे पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। सत्र के मुख्य आकर्षण टीबी के लक्षणों (जैसे लगातार खांसी, बुखार और वजन कम होना) की पहचान। भारत सरकार की शनिक्षय पोषण योजनाश और मुत उपचार सुविधाओं की विस्तृत जानकारी। व्यक्तिगत स्वच्छता और पोषण युक्त आहार के माध्यम से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना। कार्यक्रम के अंत में डॉ. ए. लिंगय्या ने जवानों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ष्टीबी मुक्त भारतष का लक्ष्य तभी संभव है जब हर नागरिक और जवान जागरूक हो। सत्र में उपस्थित सभी कर्मियों ने देश को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

# थ्रेसर में फसकर युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। गेहूं की कतराई करते समय युवक के गले में पड़ा गमछा थ्रेसर में फस गया और युवक की थ्रेसर में फसकर मौत हो गई। बबेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत सतन्याव गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया। जब विवेक यादव (30) पुत्र बाबूराम यादव निवासी सतन्याव थ्रेसर में कतराई कर रहा था कि तभी गले में पड़ा गमछा थ्रेसर में फंस गया और थ्रेसर में ही सिमट कर विवेक की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद खबर सुनकर परिवार में चीख पुकार मच गई। आनन फानन पर परिजनों के द्वारा विवेक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लाया गया। जहां पर परीक्षण के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# प्रधानों ने पंचायत चुनाव न होने पर कार्यकाल बढ़ाने की उठाई मांग

## - बकाया मनरेगा भुगतान को लेकर दिया ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। चितौरा, विशेश्वरगंज, व हुजूरपुर ब्लॉक में पंचायत विकास मंच के बैनर तले प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मनरेगा भुगतान और चुनाव कार्यकाल बढ़ाने की मांग उठाई। चितौरा, विशेश्वरगंज, व हुजूरपुर ब्लॉक में पंचायत विकास मंच के नेतृत्व में ब्लॉक के प्रधानों ने चितौरा खंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रधानों ने पंचायत चुनाव समय से न होने की स्थिति में वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक बनाए जाने तथा मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का बकाया भुगतान कार्यकाल समाप्त होने से पहले कराने की प्रमुख मांग उठाई। कार्यक्रम के संयोजक सूरज शुक्ला, डॉ. श्याम चौधरी, प्रधान संघ के अध्यक्ष भगवान दिन मिश्रा,राम सुन्दर पांडे, सूर्य प्रकाश सिंह (बुल्लू सिंह), मंगल दास, विजय शुक्ला, राम छबीले निषाद, राम कोमल निषाद, राम कुमार यादव राजेंद्र यादव बृजेंद्र सिंह वा ब्लाक अध्यक्ष हुजूरपुर संतोष तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष विशेश्वरगंज आज्ञा राम तिवारी वा पवन पाठक जिला मंत्री सहित अन्य प्रधानों ने बताया कि मनरेगा 2005 अधिनियम के अंतर्गत पूर्व में कराए गए कार्यों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। इससे श्रमांश और सामग्री मद में करोड़ों रुपये बकाया हो गए हैं, जिसके चलते प्रधानों पर सप्लाई करने वाले फर्मों का लगातार दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 26 मई 2026 को प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, ऐसे में यदि समय रहते भुगतान नहीं हुआ तो प्रधानों और संबंधित फर्मों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रदेश की पंचायतों का कार्यकाल 26 मई और 19 जुलाई को समाप्त हो रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में समय पर चुनाव कराना चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है। इसके पीछे मतदाता सूची के पुनरीक्षण में देरी, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना तथा आरक्षण के लिए आवश्यक ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया का अधूरा रहना प्रमुख कारण बताए गए हैं। संगठन ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि स्थानीय निकायों में आरक्षण लागू करने के लिए ट्रिपल टेस्ट अनिवार्य है और निर्वाचित संस्थाओं के स्थान पर प्रशासकों की नियुक्ति केवल अस्थायी स्थिति में ही उचित मानी जाती है। उन्होंने मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड




जैसे राज्यों का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां ऐसी परिस्थितियों में निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही कार्यभार जारी रखने दिया गया, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था बनी रही। पंचायत विकास मंच ने सरकार से मांग की है कि यदि समय पर पंचायत चुनाव संभव न हो, तो वर्तमान प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि बाहरी प्रशासकों की नियुक्ति लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत होगी। ब्लॉक नवाबगंज में प्रधानो के साथ संगठन के अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने घाघरा घाट व चहलारी घाट का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पश्चात जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक



विश्वजीत श्रीवास्तव के साथ बहराइच–सीतापुर मार्ग पर स्थित चहलारी घाट सेतु का निरीक्षण किया। बहराइच–लखनऊ मार्ग पर घाघरा नदी पर निर्मित संजय सेतु की मारम्मत तथा पान्टून पुल से भारी वाहनों के गुजरने पर प्रतिबन्ध के कारण बहराइच सीतापुर मार्ग पर वाहनों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों के साथ शुक्रवार को देर शाम घाघराघाट का भ्रमण कर संजय सेतु की मरम्मत तथा छोटे वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर निर्मित किये गये पान्टून पुल का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पान्टून पुल पर वाहनों के आवागमन में आमजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने सुरक्षा के ष्टिगत पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा एप्रोच मार्गों पर उड़ने वाली धूल से राहत देने के लिए पानी का छिड़काव कराते रहने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देश दिया कि किसी आपातिक स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सक दल के साथ एम्बुलेन्स, तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग की टीम, आपदा प्रबन्धन बल के साथ साथ पुलिस एवं ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती करने के निर्देश दिये। संजय सेतु पर आनगोईंग मरम्मत कार्य का निरीक्षण करते हुए डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये बल्कि निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से कार्यों को पूर्ण करायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी डीके श्रीवास्तव, अधि.अभि. लो.नि.वि. अमर सिंह सहित जनपद बहराइच व बाराबंकी के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# महसी तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील महसी में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी प्रकाश सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, सीओ पवन कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान मोहन लाल पुत्र लालता प्रसाद ने बताया कि उसने कभी के.सी.सी. नहीं करवाया है लेकिन उसके गाटा सं. 281 मौजा दहाव की खतौनी में किसी अन्य व्यक्ति कल्लू पुत्र राम सनेही के नाम से बन्धक हो गयी है। जबकि कल्लू इस गाटा संख्या के खातेदार भी नहीं है। मोहन लाल द्वारा खतौनी को बन्धक मुक्त कराये जाने फरियाद की। जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी के निर्देश




पर तत्काल मोहन लाल की खतौनी पर बंधक मुक्त आदेश दर्ज कराकर खतौनी का दुरुस्त कर दिया गया। डीएम श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। डीएम ने निर्देशित किया जनसुनवाई में आने वाले जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित करें। इस अवसर पर व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 27 में 03, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 22 में 02, कैसरगंज में 36 में 05, पयागपुर में 22 में 05, नानपारा में 32 में 06 तथा तहसील सदर में प्राप्त 15 प्रार्थना–पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।

# राज्यमंत्री का स्मार्ट मीटर समस्याओं पर सख्त रुख

## – उपभोक्ताओं को राहत देने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। राज्य में स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की बढ़ती शिकायतों और विरोध प्रदर्शन को गंभीरता से लेते हुए आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में राज्यमंत्री (जल शक्ति) रामकेश निषाद ने विद्युत विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित में बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर से संबंधित विभिन्न समस्याओं जैसे गलत बिलिंग, बिल संशोधन में देरी और तकनीकी दिक्कतों को विस्तार से उठाया गया। मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और उनकी



समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई उपभोक्ता स्मार्ट मीटर को लेकर भ्रम की स्थिति में हैं, जिसे दूर करना बेहद आवश्यक है। इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार अभियान चलाने, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इन कैंपों के माध्यम से उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के उपयोग, लाभ और शिकायत निवारण प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। मंत्री ने यह भी कहा कि विभागीय लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी विद्युत सेवाएं मिलें। इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान तेजी से होगा और स्मार्ट मीटर को लेकर फैली भ्रांतियां भी दूर होंगी। बैठक में विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता मुनीश चोपड़ा सहित एसी विद्युत, अधिशासी विद्युत, विद्युत एवं जे ई एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# मिशन शक्तिसे संवर रही मातृ शक्ति

## –6128 महिलाओं को मिली मातृ वंदना योजना की सौगात

## –गर्भवती महिलाओं के खातों में सीधे बैंक खातों में पहुंची पोषण और सहायता राशि

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। प्रदेश की योगी सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान जनपद में महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। सुरक्षित मातृत्व और बेहतर पोषण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से



सरकार ने जनपद की 6128 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के बैंक खातों में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत सीधे आर्थिक सहायता भेजी है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पोर्टल के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के जरिए करोड़ों रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई है। पहली और दूसरी संतान पर सरकार दे रही वित्तीय सहायता योजना के तहत महिलाओं को दो श्रेणियों में लाभ दिया जा रहा है। जहां पहले बच्चे के जन्म पर पात्र महिलाओं को दो किस्तों में कुल 5000 की सहायता दी जाती है। जिसमे पहली किस्त 3000 की वहीं दूसरी किस्त 2000 की दी जाती है। वहीं कन्या जन्मोत्सव को बढ़ावा देने के लिए दूसरी संतान बेटी होने पर सरकार एकमुश्त 6000 की राशि सीधे खाते में भेज रही है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से मिशन शक्ति के तहत हर पात्र महिला तक योजना पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को होने वाली मजदूरी की हानि की भरपाई करना और उनके खान–पान के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है ताकि कुपोषण जैसी समस्याओं से लड़ा जा सके। योजना के तहत दूसरी बेटी के जन्म पर दी जाने वाली अतिरिक्त सहायता राशि का उद्देश्य समाज में लिंगानुपात में सुधार लाना और कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को रोकना है। योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं अपने क्षेत्र की आशा बहुओं या आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। इसके अलावा आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण भी किया जा सकता है।

# गिरवां पुलिस ने तमंचे के साथ शातिर को दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना गिरवां पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा बरामद हुआ है। गौरतलब हो कि देर रात्रि थाना गिरवां पुलिस को गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान ग्राम प्रेमपुर में एक व्यक्ति संदिग्ध भ्रमण करता हुए दिखाई दिया जिसे पुलिस द्वारा रोककर पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व तीन जिन्दा कारतूस बरामद हुए। जिसके सम्बन्ध में थाना गिरवां पर अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्त छोटेलाल पुत्र बहादुर निवासी प्रेमपुर थाना गिरवां को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में गौरव कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी माँ विन्ध्यवासिनी धाम हे0का0 गोकुलेश कुमार मिश्रा का0 संजय कुमार शामिल रहे।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पूर्व युवाओं ने चलाया सफाई अभियान

## – स्वच्छता के प्रति जन-जन में जागरूकता लाना उद्देश्य : सुमित शुक्ला

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। विकास खण्ड महुआ अन्तर्गत सहेवा गांव में समाजसेवी सुमित शुक्ला के नेतृत्व में युवाओं ने महादेव हनुमान मंदिर सहित समूचे महादेवन मुहल्ले में सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों के बीच स्वच्छता का संदेश देते हुए अपने गांव को स्वच्छ व सुंदर रखने की अपील की है अगर देखा जाए तो जीवन में स्वच्छता का



विशेष स्थान है। स्वच्छ वातावरण के द्वारा ही गम्भीर से गम्भीर बिमारियों से बचा जा सकता है। इसके साथ ही साफ व सुंदर समाज सभी जगह प्रशंसा का पात्र बनता है। समाजसेवी सुमित शुक्ला ने बताया कि कल अक्षय तृतीया के पावन शुभ अवसर पर हमारे आराध्य भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव दिवस है जिन्होंने धरती माता को अनेकों बार आतातायियों से मुक्त कर धर्म की रक्षा में अपने कर्तव्यों के निर्वहन को ध्यान में रखकर अपना सर्वस्व त्याग किया तथा उन्होंने अपनी जीवनलीला के अन्तर्गत धर्म के प्रति गहरी आस्था रखने हमेशा विश्व बंधुत्व का संदेश देने सनातनी समाज की एकता तथा आतातायियों के खिलाफ डटकर संघर्ष करने का संदेश दिया है। आज हम लोगों द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर्व को यादगार बनाते हुए महादेव हनुमान मंदिर सहित सम्पूर्ण मुहल्ले में सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों के बीच स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अभियान में ग्राम प्रधान अशोक कुशवाहा द्वारा सफाई कर्मचारियों के माध्यम से सहयोग किया गया इस दौरान समाजसेवी सुमित शुक्ला अनुराग त्रिवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जिला प्रशिक्षण वर्ग में उत्तम सक्सेना को मिली नियंत्रक की जिम्मेदारी

## – 16 व 17 मई को विद्यामंदिर में आयोजित होगा प्रशिक्षण वर्ग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग आगामी 16 व 17 मई को सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित होगा जिसमें जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना को नियंत्रक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पं0 दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के क्रम में मण्डल स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के समापन के बाद अब जिला प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। इसी परिपेक्ष में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में जिला



कार्यालय में आयोजित जिला कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला प्रशिक्षण वर्ग संचालन समिति गठित कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश द्वारा अविनाश सिंह चौहान एमएलसी को वर्ग प्रभारी तथा जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना को वर्ग का नियंत्रक बनाया गया है। इसी प्रकार जिला उपाध्यक्ष आनंदी साहू को वर्ग संचालन समिति प्रमुख, जिला उपाध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह को सह नियंत्रक, जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा को कार्यक्रम प्रमुख (सत्र व्यवस्था) तथा जिला कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता संतू को व्यवस्था प्रमुख सर्व व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार संचालन समिति सदस्यों में जिला महामंत्री सुधीर कुशवाहा, विवेकानंद गुप्ता, अखिलेश नाथ दीक्षित व प्रेमनारायण द्विवेदी को रखा गया है। शेष सम्पूर्ण जिला प्रशिक्षण टोली की जिम्मेदारी जिला मंत्री देवेंद्र सिंह भदौरिया को सौंपी गई है। इसी प्रकार जिला प्रशिक्षण वर्ग की 17 सदस्यीय प्रबंध समिति का भी गठन कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिला प्रशिक्षण वर्ग 16 व 17 मई को सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कालेज अतर्रा रोड बाँदा में आयोजित होगा जिसका शुभारम्भ 16 मई को प्रातः 9.30 बजे होगा। पूरा प्रशिक्षण 12 सत्रों में होगा हर सत्र में प्रदेश व क्षेत्रीय स्तर के अलग अलग वक्ता होंगे। कार्यक्रम का समापन अगले दिन 17 मई को शाम 5 बजे होगा। प्रशिक्षणर्थियों को रात में प्रशिक्षण स्थल पर रुकना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण में जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष व मण्डल प्रभारी, सभी मोर्चा के पदाधिकारी, विभाग, प्रकोष्ठ व प्रकल्प के संयोजक/सह संयोजक, जनप्रतिनिधि, जिले में निवास करने वाले प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, राष्ट्रीय परिषद व प्रान्तीय परिषद सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष शामिल होंगे।




# मानसिक स्वास्थ्य व टेलीमानस नं0 से संबंधित कार्यशाला का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विजेंद्र सिंह के निर्देश पर जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा चंद्रशेखर पांडे फार्मेसी कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य व टेलीमानस न0 14416 से संबंधित कार्यशाला का आयोजन जिला नोडल अधिकारी डॉ मुकेश पहाड़ी के देखरेख में किया गया। कार्यशाला में मानसिक रूप से स्वस्थ रहने तथा टेलीमानस नंबर 14416 से संबंधित परिचर्चा हुई। कार्यशाला में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ रिजवाना हाशमी ने बताया कि अपने अंदर नकारात्मक एवं सकारात्मक दोनों ही पहलुओं को देखना चाहिए साथ ही अपनी अच्छाई को सामने लाने का प्रयास करना चाहिए। यदि किसी प्रकार का मानसिक रोग होता है तो सबसे पहले काउंसलिंग आवश्यक है जो कि टेलीमानस नंबर 14416 एवं ऑनलाइन नंबर 8528709525 पर कॉल करके भी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यशाला में साइकैट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ ने बताया कि मानसिक रोग दो प्रकार के होते हैं जिसमें न्यूरोसिस और साइकोसिस आते हैं। उन्होंने मिर्गी तथा हिस्टीरिया के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी मानसिक रोग की समस्या के लिए जिला चिकित्सालय पुरुष बांदा में कमरा नंबर 4, 5, 6 में आकर इलाज करा सकते हैं। अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी नरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए परिवार के बीच समय बिताए, छोटी–छोटी बातों को लेकर तनाव में ना रहे, मोबाइल का प्रयोग बहुत अधिक न करें। योग व प्राणायाम एवं दिनचर्या में सुधार करें। कार्यशाला के पश्चात छात्र–छात्राओं से प्रश्नोत्तरी में सहयोग अनुपम त्रिपाठी हुआ अशोक कुमार द्वारा किया गया प्रश्नोत्तरी के पश्चात पुरस्कार वितरण भी किया गया कार्यशाला के अंत में फार्मेसी कॉलेज के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश ने जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम बांदा को धन्यवाद व्यापित कर दोबारा आने के लिए आग्रह किया।



# मेडिकल कॉलेज के यूरोलॉजिस्ट ने पत्रकार को दिया जीवनदान

## - जटिल ऑपरेशन कर निकाला बढ़ा हुआ प्रोस्टेट

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। रानी दुर्गावती मेडिकल



कॉलेज के डॉक्टरों ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। मेडिकल कॉलेज के यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सोमेश त्रिपाठी ने बांदा के एक टीवी चैनल के पत्रकार नरेंद्र सिंह थापा का सफल ऑपरेशन कर उन्हें नई जिंदगी दी है। इंफेक्शन और प्रोस्टेट बढ़ने की गंभीर स्थिति से जूझ रहे पत्रकार अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। इलाज के अभाव में बढ़ता गया संक्रमण पत्रकार नरेंद्र सिंह थापा लंबे समय से प्रोस्टेट की समस्या से ग्रसित थे। स्थिति इतनी विकट हो गई थी कि उनका यूरिन पास होना पूरी तरह बंद हो गया था। कई डॉक्टरों से परामर्श और इलाज के बावजूद उन्हें राहत नहीं मिल रही थी। अंततः उन्होंने मेडिकल कॉलेज में यूरोलॉजिस्ट डॉ. सोमेश त्रिपाठी से संपर्क किया। जांच में सामने आया कि प्रोस्टेट काफी बढ़ चुका है और संक्रमण भी फैल रहा है। मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बड़े अस्पताल जाने की सलाह दी थी। जिसके बाद पीड़ित रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज पहुंचे और डॉक्टर सोमेश से मिले, पत्रकार ने बाहर जाने में असमर्थता जताते हुए डॉक्टर पर ही भरोसा जताया। डॉ. सोमेश त्रिपाठी ने चुनौती स्वीकार की और लगभग डेढ़ घंटे चले जटिल ऑपरेशन के बाद बढ़े हुए प्रोस्टेट को सफलतापूर्वक निकाल दिया। पत्रकार नरेंद्र सिंह थापा ने डॉक्टर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. सोमेश के प्रयास से न केवल उनकी जान बची, बल्कि बाहर के बड़े अस्पतालों में होने वाला भारी–भरकम खर्च भी बच गया। समय पर इलाज न मिलने पर जानलेवा हो सकता है प्रोस्टेट डॉ. सोमेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रोस्टेट की समस्या को हल्के में लेना घातक हो सकता है। यदि समय पर इसका इलाज या ऑपरेशन न कराया जाए तो गंभीर रूप ले सकता है। यूरिन रुकने से दबाव किडनी पर पड़ता है, जिससे किडनी हमेशा के लिए खराब हो सकती है। संक्रमण बढ़ने से मूत्राशय में पथरी बन सकती है या उसकी दीवारें कमजोर हो सकती हैं। लंबे समय तक इलाज न मिलने पर यह प्रोस्टेट कैंसर का रूप भी ले सकता है। जैसा कि इस मामले में हुआ, संक्रमण पूरे शरीर में फैल सकता है जो जानलेवा साबित होता है।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाहों की रोकथाम हेतु मनाया सतर्कता दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व बाल विवाहों की रोकथाम के लिए काम कर रहे संगठन ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान ने अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्कता दिवस मनाया। इसमें बाल विवाह निषेधा अधिकारी (सीएमपीओ) व आशा यूनिटों ने भी सहयोग दिया और जिले में बाल विवाह की रोकथाम का संकल्प दोहराया। ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान ने जिला प्रशासन, पंचायतों, स्कूलों और धर्मगुरुओं के साथ मिलकर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए स्कूलों, पंचायतों और गांवों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहा है और जिले में हजारों लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। संगठन खास तौर से बाल विवाह के लिहाज से संवेदनशील अक्षय तृतीया जैसे मौकों पर प्रशासन व सरकार के सहयोग से इसकी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाता रहा है। ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। जिले में अब तक बाल विवाह के खिलाफ अभियान की सफलता पर संतोष जाहिर करते हुए ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान के निदेशक श्रवण कुमार ने कहा कि अक्षय तृतीया के शुभ दिन की आड़ में बाल विवाह जैसे अपराध को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन व नागरिक समाज संगठनों की सतर्कता से अब अक्षय तृतीया के दिन होने वाले बाल विवाहों की संख्या में खासी कमी आई है लेकिन हमें इसे पूरी तरह रोकने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चंद वर्षों पहले तक लोगों को यह भी नहीं पता था कि नाबालिग बच्चों की शादी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज–सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि



विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुर्माना हो सकता है। लेकिन जमीन पर हमारे गहन जागरूकता अभियानों से जागरूकता बढ़ी है और हालात बदले हैं। अब लोग बाल विवाहों की सूचना दे रहे हैं और प्रशासन तुरंत इसकी रोकथाम के लिए कार्रवाई कर रहा है। यह एक उल्लेखनीय बदलाव है और हमें विश्वास है कि हम 2030 से पहले ही जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन 250 से भी ज्यादा सहयोगियों के साथ बाल विवाह की ऊंची दर वाले देश के 450 से भी ज्यादा जिलों में इस अपराध के खिलाफ अभियान चला रहा है। इस नेटवर्क ने अब तक पांच लाख से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं।

# फांसी के फंदे से खींच लाई गई महिला की जिंदगी

## - साहस व समय के तालमेल से फरिश्ता बनी पीआरबी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। थाना बदौसा क्षेत्रांतर्गत एक कॉलर अजय द्वारा पीआरवी 8093 पर सूचना दी गई कि उसकी पत्नी घर के अंदर कमरे



का दरवाजा बंद करके फांसी लगाने जा रही हैं। घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी के कमांडर कां0 अमन सिंह व चालक कां0 कैलाश चन्द्र द्वारा मौके पर पहुंचे और बिना समय गंवाए तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए फंदे को काटकर महिला को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। महिला से पूछताछ करने पर मालूम हुआ कि उक्त महिला का उसके पति से वाद–विवाद हो गया था, जिससे वह दुखी थी। महिला तथा उसके पति को आपस में प्रेम पूर्वक बातचीत कर मामले का समाधान निकालने की सलाह दी गई तथा महिला को समझाया गया कि दोबारा आत्महत्या संबंधी विचार मन में न लाएं तथा किसी प्रकार की परेशानी होने पर पुलिस को सूचना दें। पुलिस आपकी हर संभव मदद करेगी।

# DA वृद्धि पर कर्मचारियों का फूटा गुस्सा, बताया 'ऊंट के मुंह में जीरा'

## –राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक में केंद्र के फैसले को बताया 'मजाक'

संवाददाता गोरखपुर। बढ़ती महंगाई के दौर में केंद्र सरकार द्वारा शनिवार को घोषित 2 प्रतिशत महंगाई भत्ते (क।) की वृद्धि ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के घावों पर नमक छिड़कने का काम किया है। इस फैसले से नाराज राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद,की एक आपात बैठक शनिवार को राजघाट स्थित रामलीला मैदान कैंप कार्यालय में हुई। परिषद के अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कर्मचारियों ने सरकार के इस कदम को उनके साथ श्धोखाश्और मजाक करार दिया। उम्मीदों पर फिरा पानी परिषद के अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने कहा कि अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (।प्ब्च्–प्) के आंकड़ों को देखते हुए कर्मचारियों को कम से कम 3 से 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की उम्मीद थी। लेकिन महज 2 प्रतिशत की वृद्धि श्ऊंट के मुंह में जीराश साबित हुई है। मदन मुरारी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार का यह फैसला कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति के साथ एक भद्दा मजाक है। देरी ने तोड़ा सब्र का बांध संयुक्त रूप से अपनी बात रखते हुए पंडित श्याम नारायण शुक्ल, सौरभ कुमार श्रीवास्तव और अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि आमतौर पर जनवरी से लागू होने वाले डीए की घोषणा मार्च की होली तक हो जाती है। इस बार अप्रैल के दूसरे पखवाड़े (18 अप्रैल) तक हुई देरी ने कर्मचारियों के सब्र का बांध तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी पहले से ही 8वें वेतन आयोग के गठन और न्यूनतम वेतन को ₹18,000 से बढ़ाकर ₹69,000 करने की मांग कर रहे हैं, ऐसे में यह मामूली वृद्धि श्आग में घीश का काम कर रही है। आंदोलन की सुगबुगाहट बैठक में वक्ताओं ने चेतावनी दी कि सरकार भले ही इस कदम से राहत देने का दावा कर रही हो, लेकिन जमीनी स्तर पर असंतोष की लहर है। आने वाले दिनों में कर्मचारी संगठनों द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किए जा सकते हैं। बैठक में ये रहे मौजूद इस अवसर पर मुख्य रूप से गोविंद जी, विनीता सिंह, अशोक पांडे, राजेश मिश्रा, बंटी श्रीवास्तव, इजहार अली, निसार अहमद, रामधनी पासवान, सूर्य वेद, मोहम्मद आरिफ, सुधीर श्रीवास्तव, आलोक सिंह, सच्चिदानंद पांडे और ओंकार नाथ राय सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बीज भंडार की मनमानी बेनकाब! नकली-एक्सपायरी बीज बेच किसानों से दबंगई का वीडियो वायरल

संवाददाता हमीरपुर। राठ कस्बे के कोट बाजार स्थित अमरनाथ कृषि बीज भंडार में दुकानदार की मनमानी और लापरवाही ने पूरे सिस्टम की पोल खोलकर रख दी है। आरोप है कि यहां किसानों को नकली और एक्सपायरी डेट के बीज थमाकर उनकी मेहनत और फसल दोनों से खिलवाड़ किया जा रहा है। मामला तब तूल पकड़ गया जब गोहांड निवासी रामजीवन राजपूत (किसान) के साथ हुई बहस और दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पीड़ित किसानों का कहना है कि दुकानदार न केवल एक्सपायरी बीज दे रहा है, बल्कि शिकायत करने पर उल्टा दबाव और अभद्र व्यवहार भी करता है। इससे साफ है कि उसे किसी कार्रवाई का डर नहीं है। किसानों ने आरोप लगाया कि




यह पूरा खेल सुनियोजित तरीके से चल रहा है, जिसमें नकली और खराब बीज ऊंचे दामों पर बेचे जा रहे हैं। मामले में एक और बड़ा आरोप जीएसटी चोरी का भी सामने आया है। किसानों के मुताबिक, दुकानदार अधिक दाम वसूलता है लेकिन बिल देने से साफ इनकार कर देता है। इससे न सिर्फ किसानों के अधिकारों का हनन हो रहा है, बल्कि सरकार को भी राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। एक्सपायरी बीज मिलने के बाद आक्रोशित किसानों ने दुकान पर जमकर हंगामा किया और कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि ऐसे दुकानदार खुलेआम कृषि विभाग के नियमों को चुनौती दे रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब तक खामोश हैं। किसानों ने प्रशासन से साफ कहा है कि अब सिर्फ आश्वासन नहीं, सख्त कार्रवाई चाहिए। उन्होंने दुकान की तत्काल जांच, लाइसेंस सत्यापन, स्टॉक की जांच और जीएसटी बिलों की निष्पक्ष पड़ताल कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते इस मामले में कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह सिर्फ एक दुकान का मामला नहीं रहेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में किसानों के साथ हो रही ठगी का बड़ा उदाहरण बन जाएगा। अब सबकी नजर प्रशासन पर है कि वह इस खुली लूट पर लगाम लगाता है या नहीं।



# जिले में 13.34 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

## - बुद्धा पार्क बना पर्यटन विकास का नया केंद्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से जनपद में लगभग 1334.52 लाख रुपये की लागत से नुमाइश मैदान स्थित बुद्धा पार्क में पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन एवं संस्ःति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में भव्य लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री द्वारा बुद्धा पार्क में स्थापित भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके उपरांत संबंधित पुस्तिका का विमोचन किया गया तथा कुल 11 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास संपन्न हुआ। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में जनपद इटावा को 24 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश सरकार द्वारा सनातन संस्ःति, विरासत के संरक्षण एवं समग्र विकास की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भगवान बुद्ध से जुड़े सभी स्थलों का संरक्षण एवं विकास प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। साथ ही कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों से पर्यटन को बढ़ावा मिला है। मंत्री ने कहा कि किसी भी स्थल के लोकार्पण के बाद उसके रख–रखाव एवं मेंटेनेंस की जिम्मेदारी संबंधित संस्थाओं को सौंपी जाएगी, जिससे नियमित देखरेख और साफ–सफाई सुनिश्चित हो सके। उन्होंने प्रयागराज में 144 वर्षों बाद आयोजित महाकुंभ का उल्लेख करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक आयोजन आधुनिक तकनीकों के साथ संपन्न हुआ, जो देश की सांस्ःतिक समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश आवश्यक है और इसके लिए इटावा को भी विकास की मुख्यधारा में आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि विश्व के अनेक देशों में बौद्ध धर्म के अनुयायियों की बड़ी संख्या है, ऐसे में भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों का विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से सरकार द्वारा सांस्ःतिक पुनरुत्थान, मंदिरों के जीर्णोद्धार तथा पर्यटन स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने नारी सशक्तिकरण के संदर्भ में नारी शक्ति वंदन जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी विकास प्रस्ताव को जनप्रतिनिधियों की सहमति के बिना आगे नहीं बढ़ाया जाता और सभी योजनाओं में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाती है। कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता द्वारा मंत्री का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व विधायक डॉ. सिद्धार्थ शंकर, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, महामंत्री प्रशांत राव चौबे, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, विकास भदौरिया, जनप्रतिनिधिगण, संस्ःत एवं पर्यटन अधिकारी मोहित मनोहर सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# शहीद अनुचर के परिवार को 72 लाख की सहायता

## – एसएसपी ने बैंक ऑफ बड़ौदा का चेक सौंपा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा अनुचर स्व. अनिल कुमार पाण्डेय के पारिवारिक जनों को बैंक ऑफ बड़ौदा के माध्यम से 72,00,000 रुपये की वित्तीय सहायता का चेक प्रदान किया गया। यह चेक स्व. अनिल कुमार पाण्डेय की पत्नी एवं माता को सौंपा गया।



उल्लेखनीय है कि स्व. अनिल कुमार पाण्डेय पुलिस लाइन में अनुचर के पद पर तैनात थे, जिनकी 23 मार्च 2024 को एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ किए गए एमओयू के तहत दिवंगत कर्मियों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी योजना के अंतर्गत स्व. अनिल कुमार पाण्डेय के परिवार को यह सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में 23 शिकायतें, दो का मौके पर निस्तारण

## - अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। तहसील जसवंतनगर में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी संबंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनें और उसका प्रभावी निस्तारण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाए और जहां आवश्यक हो, वहां जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी जब गांवों के भ्रमण पर जाएं तो विभागीय योजनाओं का स्थलीय सत्यापन करें और लाभार्थियों से फीडबैक अवश्य लें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें विद्युत विभाग एवं स्वच्छ पेयजल से संबंधित रहीं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलंब के कारणों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए और सभी मामलों का निस्तारण अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की और थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के बाद शासन स्तर से फीडबैक भी लिया जाता है, इसलिए निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# परशुराम सेवा समिति का वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. (रजि.) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने बताया कि अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर एक विचार गोष्ठी व वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह 19 अप्रैल दिन रविवार को दोपहर 2 बजे से माँ जगदम्बा देवी मन्दिर परिसर प्रकाश कोल्ड स्टोर इकदिल में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में परशुराम सेवा समिति द्वारा 11 महिलाओं व 51 वरिष्ठ नागरिकों को प्रमाण पत्र, परशुराम जी की प्रतिमा देकर परशुराम सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सम्राट ने प्रबुद्धजनों व समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।




# नारायन कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स के विशाल ऑडिटोरियम में सत्र 2025–26 के अंतर्गत कक्षा नर्सरी से कक्षा 11 तक उत्ःष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को वार्षिक सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विनय कुमार ऑफिसर लाइन सफारी एवं विशिष्ट अतिथियों डॉ. एनके शर्मा प्रोफेसर फिजिक्स विभाग, डॉ. आरके त्रिपाठी प्राचार्य, जनता डिग्री कॉलेज बकेवर, डॉ. रिपुदमन सिंह पूर्व रीजनल डायरेक्टर, हायर एजुकेशन, इंजीनियर अंकित तिवारी वाइस चेयरमैन, नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, डॉ. श्वेता तिवारी डायरेक्टर, पूनम शर्मा तथा प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से सरजीत, एलकेजी से ध्रुविका, यूकेजी से निकित, कक्षा 1 से तेजस्वी दीक्षित, कक्षा 2 से अंशुल, कक्षा 3 से आन्या तिवारी, कक्षा 4 से अंशिका, कक्षा 5 से अंशिका, कक्षा 6 से खुशी भदौरिया, कक्षा 7 से यशिका, कक्षा 8 से रूनझुन भदौरिया, कक्षा 9 से अनुष्का राजपूत, कक्षा 10 से कार्तिक कुशवाहा तथा कक्षा 11 से अंजनेय मिश्रा को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शील्ड, पुस्तकें एवं स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रत्येक कक्षा के विभिन्न सेक्शनों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान की गई। प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि छात्रों में लोकतांत्रिक एवं सांस्ःतिक मूल्यों के विकास के लिए विद्यालय को फेथ, डिसिप्लिन, करेज और यूनिटी हाउस में विभाजित किया गया है, जिससे उनमें प्रतिस्पर्धा और जीवन कौशल का विकास हो सके। इस अवसर पर बेस्ट अटेंडेंस एवं बेस्ट डिसिप्लिन के लिए भी छात्रों को सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी सफलता को निरंतर बनाए रखें, बड़े लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें हासिल करने के लिए निरंतर परिश्रम करते रहें। कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं ने नृत्य एवं गायन के माध्यम से आकर्षक सांस्ःतिक प्रस्तुतियां भी दीं। मुख्य अतिथि विनय कुमार ने कहा कि विद्यालय के टॉपर्स भविष्य में उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश और समाज का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अंत में विद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने सम्मानित छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# छात्रावास प्रवेश के लिए ग्राम चौपाल आयोजित

## – छात्रों को सुविधाओं व योजनाओं की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने बताया कि 17 अप्रैल को मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग द्वारा राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, गंगापुरा में एक ग्राम चौपाल का सफल आयोजन किया गया। चौपाल का मुख्य उद्देश्य आसपास के विद्यालयों एवं संस्थाओं में अध्ययनरत छात्रों को 100 सीट क्षमता वाले छात्रावास में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित करना तथा प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम के साथ जिला समाज कल्याण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज, छात्रावास अधीक्षक, ग्राम प्रधान खेड़ा हेलू सहित विकासखंड कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने ग्रामीणों को छात्रावास की उपयोगिता, प्रवेश प्रक्रिया तथा छात्रों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, छात्रवृत्ति एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ आदि के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए छात्रावास में शीघ्र ही वाचनालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त छात्रावास परिसर में वाई–फाई सुविधा भी उपलब्ध है, जिसका उपयोग छात्र अपनी पढ़ाई के लिए कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे फार्मर रजिस्ट्री एवं फैमिली आईडी अवश्य बनवाएं, जिससे सभी पात्र नागरिकों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे और कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अंत में जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# ओडीओपी योजना में 42 इकाइयों का लक्ष्य तय

## - वस्त्र व टेलरिंग उद्योग हेतु आवेदन आमंत्रित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र आत्मदेव शर्मा ने बताया कि शासन की महत्वपूर्ण योजना एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत जनपद में चयनित वस्त्र उत्पाद, टेलरिंग एवं वस्त्र कढ़ाई से संबंधित स्वयं का उद्योग, सेवा या व्यवसाय स्थापित करने के इच्छुक युवाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए जनपद को कुल 42 इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के तहत नवयुवक एवं नवयुवतियां अपने स्वरोजगार की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। योजना की पात्रता शर्तों के अनुसार आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए तथा उसकी आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। शैक्षिक योग्यता की कोई अनिवार्यता नहीं रखी गई है, लेकिन आवेदक किसी भी बैंक, वित्तीय संस्था या सरकारी संस्था का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। योजनान्तर्गत उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय क्षेत्र में चयनित वस्त्र उत्पाद, टेलरिंग एवं कढ़ाई से संबंधित इकाइयों को वित्तपोषण की सुविधा दी जाएगी। सामान्य वर्ग के आवेदकों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तथा आरक्षित श्रेणी (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला एवं दिव्यांग) के आवेदकों को 5 प्रतिशत अंशदान स्वयं लगाना होगा। मार्जिन मनी के प्रावधान के तहत 25 लाख रुपये तक की परियोजना लागत पर 25 प्रतिशत या अधिकतम 6.25 लाख रुपये (जो कम हो) की सहायता दी जाएगी। 25 लाख से 50 लाख रुपये तक की परियोजना लागत पर 6.25 लाख रुपये या 20 प्रतिशत (जो अधिक हो) की मार्जिन मनी दी जाएगी। इसी प्रकार 50 लाख से 150 लाख रुपये तक की परियोजना लागत पर 10 लाख रुपये या 10 प्रतिशत (जो अधिक हो) तथा 150 लाख रुपये से अधिक की परियोजना लागत पर 10 प्रतिशत या अधिकतम 20 लाख रुपये (जो कम हो) की मार्जिन मनी देय होगी। योजना के अंतर्गत वही आवेदक पात्र होंगे जिन्होंने पूर्व में प्रधानमंत्री रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अथवा अन्य किसी स्व–रोजगार योजना का लाभ प्राप्त न किया हो। साथ ही एक परिवार से केवल एक ही सदस्य को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी वित्तीय वर्ष 2026–27 के लक्ष्य की पूर्ति तक ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट उेउम.नच.हवअ.पद के माध्यम से कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# अवैध खनन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## - चेकिंग अभियान में 8 डम्पर-ट्रक सीज

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग तथा बिना वैध प्रपत्र/परमिट के संचालन करने वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बिना नंबर प्लेट या कालिख लगी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर भी विशेष कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद में कानून–व्यवस्था सु.ढ़ बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी है। पुलिस द्वारा राजस्व विभाग एवं परिवहन विभाग (आरटीओ) के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्रवाई की जा रही है, जिससे अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीश चन्द्र के मार्गदर्शन में थाना बकेवर पुलिस द्वारा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग में प्रयुक्त 8 डम्पर एवं ट्रकों को सीज किया गया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि बिना वैध प्रपत्र या परमिट के वाहन संचालन न करें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

